# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## सितंबर भाग-1 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सैंडस्टॉर्म के नकारात्मक परिणाम हैं/हैं?

1. कम कृषि उपज
2. बर्फ के पिघलने की दर में वृद्धि
3. समुद्री खाद्य जाल में बाधा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

2. सबमरीन ज्वालामुखी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे समुद्र की सतह के नीचे विस्फोट का कारण बनते हैं।
2. वे समुद्र की सतह पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और इससे सुनामी भी आ सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्थानिकता (Endemicity) एक ऐसा चरण है जहाँ एक निश्चित आबादी या किसी दिये गए भौगोलिक क्षेत्र में कोई रोग हमेशा मौजूद होता है।
2. महामारी (Epidemic) किसी बीमारी के प्रसार और एक या अधिक आबादी में इसके संक्रमण के फैलाव को संदर्भित करती है।
3. चिकन पॉक्स और मलेरिया महामारी के उदाहरण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 संभावित स्थलों की पहचान करने और उन्हें बचाने तथा संरक्षित करने में उनकी भूमिका में राज्य दलों के कर्तव्यों को निर्धारित करता है।
2. भारत वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
3. तेलंगाना के रामप्पा मंदिर को भारत का 39वाँ विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

5. प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट (PISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन' (OECD) द्वारा समन्वित एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षण है।
   2. यह एक योग्यता-आधारित परीक्षा है, जिसे 15 वर्ष की आयु तक के उम्मीदवारों में पढ़ने, गणित और विज्ञान साक्षरता का मूल्यांकन करने के लिये तैयार किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

6. भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रमाणन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका उपयोग एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली विशेष विशेषताओं वाले सामानों की पहचान करने हेतु किया जाता है।
   2. यह विश्व व्यापार संगठन के समझौतों के अंतर्गत आता है।
   3. यह भारत में पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक द्वारा प्रशासित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

7. 'वर्ल्ड सोशल प्रोटेक्शन रिपोर्ट' निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?

   A. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
   B. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
   C. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)
   D. विश्व बैंक

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अल्जीरियाई माघरेब क्षेत्र का हिस्सा है।
   2. माघरेब क्षेत्र भूमध्य सागर की सीमा में है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

9. विशेष आहरण अधिकार (SDR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. SDR, IMF के सदस्यों को उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में आवंटित किया जाता है।
   2. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में SDR शामिल नहीं है।
   3. मुद्राओं के SDR बास्केट में केवल अमेरिकी डॉलर, जापानी येन और यूरो शामिल हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

**नोट :**

10. निम्नलिखित में से कौन सा घटक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को मापने के लिये उपयोग किया जाता है/हैं?

1. निजी उपभोग
2. व्यापार निवेश
3. सरकारी निवेश
4. शुद्ध निर्यात

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

11. 'बेसल III मानदंड' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. बैंकिंग क्षेत्र
B. खतरनाक अपशिष्ट का स्थानांतरण
C. साइबर क्राइम
D. आपराधिक न्याय का प्रशासन

12. केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तर में सियाचिन ग्लेशियर से दक्षिण में ग्रेट हिमालय तक फैला हुआ है।
2. लद्दाख का कारगिल ज़िला सिंधु, श्योक और नुब्रा नदी घाटियों का स्थल है।
3. नकु ला, जहाँ हाल ही में LAC के साथ भारत-चीन गतिरोध हुआ था, लद्दाख में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 73वाँ संविधान संशोधन, 1992 केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को पंचायती राज संस्थाओं की मदद करने का आदेश देता है।
2. केंद्र द्वारा आवंटित कुल सहायता अनुदान में से अनटाइड ग्रांट या खुले अनुदान का उपयोग पंचायती राज संस्थानों द्वारा वेतन के भुगतान के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'एडिशनल टियर-1' (AT1) बॉण्ड भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किये जाते हैं।
2. 'बेसल-III' मानदंडों को पूरा करने के उद्देश्य से बैंक अपने मूल पूंजी आधार को बढ़ाने के लिये 'AT-1' बॉण्ड जारी करते हैं।
3. 'AT-1' बॉण्ड जारी करने वाले बैंक किसी विशेष वर्ष के लिये ब्याज भुगतान को रोक भी सकते हैं या बॉण्ड के अंकित मूल्य को भी कम कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

15. इनर लाइन परमिट (ILP) सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़ है, जो एक भारतीय नागरिक को एक सीमित अवधि के लिये संरक्षित/प्रतिबंधित क्षेत्र में आवक यात्रा की अनुमति देता है।
2. यह देश के सभी आदिवासी क्षेत्रों में लागू है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन क्षेत्र है और यह रामसर स्थल है।
2. यह ब्राह्मणी, बैतरणी, धामरा और महानदी नदी प्रणालियों के मुहाने में स्थित है।
3. यह ओडिशा के बेहतरीन जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में से एक है, जिसमें देश के मुहाना के मगरमच्छों का 70% हिस्सा निवास करता है।

उपर्युक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. नेवरा वैली राष्ट्रीय उद्यान
B. सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान
C. गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान
D. भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान

17. 'ब्ल्यू स्ट्रैगलर तारों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये असामान्य रूप से गर्म और चमकीले तारे हैंI
2. ये तारकीय विकास के मानक सिद्धांतों का उल्लंघन करते प्रतीत होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. टेरापिन समुद्री कछुए हैं।
2. ओलिव रिडले दुनिया में सबसे प्रचुर मात्रा में पाये जाने वाला समुद्री कछुए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) वित्त मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
2. FSDC के निर्माण का प्रस्ताव रघुराम राजन समिति द्वारा किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बॉन चैलेंज वनों की कटाई और खराब हुई भूमि को बहाल करने का एक वैश्विक प्रयास है।
2. LEAF गठबंधन उष्णकटिबंधीय जंगलों की रक्षा के लिए एक सार्वजनिक-निजी प्रयास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. तपेदिक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. 'मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस' (MDR-TB) एक ऐसा स्ट्रेन है, जिसका इलाज सबसे शक्तिशाली प्राथमिक उपचारक एंटी-टीबी दवाओं के साथ नहीं किया जा सकता है।
2. बेसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) वैक्सीन वर्तमान में 'तपेदिक' (TB) की रोकथाम के लिये उपलब्ध एकमात्र वैक्सीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल नीनो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप से ठंडा होने का वर्णन करता है।
2. अल नीनो ला नीना की तुलना में अधिक बार घटित होता है।
3. अल नीनो इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया में भारी वर्षा का कारण बनता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. केवल 1 और 3

नोट :

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रैप्टर लंबी दूरी तक बीजों को फैलाने का कार्य करते हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से बीज उत्पादन और कीट नियंत्रण को बढ़ावा देता है।
2. रैप्टर समझौता-ज्ञापन (MoU) प्रवासी वन्यजीवों की सुरक्षा के लिये बॉन कन्वेंशन के तहत एक समझौता है।
3. रैप्टर्स MoU कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) द्वारा जारी की गई है।
2. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरु को को शीर्ष 100 में स्थान दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

25. हाल ही में राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किस निकाय द्वारा जारी किया जाता है?

A. खाद्य और कृषि संगठन
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन
C. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
D. नीति आयोग

26. वी. ओ. चिदंबरम पिल्लई के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें लोकप्रिय रूप से कप्पलोटिया तमिलन के नाम से जाना जाता था।
2. उन्होंने बंगाल विभाजन के बाद स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया।
3. वह वर्ष 1908 में तूतीकोरिन कोरल मिल्स की हड़ताल में शामिल थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'वर्ल्ड कंज़र्वेशन कॉन्ग्रेस' का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा किया जाता है।
2. पहली 'वर्ल्ड कंज़र्वेशन कॉन्ग्रेस' स्विट्ज़रलैंड में वर्ष 1948 में आयोजित की गई थी।
3. इंडोनेशिया के 'कोमोडो ड्रैगन' को IUCN रेड लिस्ट में 'सुभेद्य' से 'संकटग्रस्त' श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

28. क्रिप्टोकरेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निवेशक क्रिप्टोकरेंसी की अपनी होल्डिंग पर ब्याज नहीं कमाते हैं, हालाँकि वे ऋण वापस करने के लिये इसे संपार्श्विक के रूप में उपयोग कर उधार ले सकते हैं।
2. स्टेबलकॉइन स्थिर संपत्ति से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी हैं और डिजिटल रूप में सरकार द्वारा जारी धन का स्थिर मूल्य प्रदान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. 'मांडा भैंस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये पश्चिमी घाट के स्थानिक हैं।
2. इनमें परजीवी संक्रमणों के विरुद्ध प्रतिरोध विद्यमान होता है और बीमारियों की संभावना कम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. भारत में वित्तीय आपातकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी घोषणा संविधान के अनुच्छेद 360 के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जा सकती है।
2. इसे जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना अनिवार्य है।
3. इसके तहत राज्य विधानमंडल के सभी धन विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिये सुरक्षित रखे जा सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31.ब्रह्मपुत्र नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी उत्पत्ति कैलाश श्रेणी से सियांग नाम से हुई है।
2. यह असम के रास्ते भारत में प्रवेश करती है।
3. मानस और सुबनसिरी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

नोट :

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | योजनाएँ | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | निपुण (NIPUN) | CBSE स्कूलों में ग्रेड 3, 5 और 8 के लिये योग्यता आधारित मूल्यांकन ढाँचा। |
| 2. | विद्यांजलि | आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने के लिये एक सक्षम वातावरण बनाने के लिये। |
| 3. | सफल (SAFAL) | सरकारी स्कूलों में स्वयंसेवी शिक्षकों की प्रविष्टि कर साक्षरता में सुधार। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परागकण नर जैविक संरचनाएँ हैं, जिनका प्राथमिक दायित्व 'गर्भाधान' होता है।
2. परागकण श्वसन प्रणाली पर दबाव डाल सकते हैं और एलर्जी का कारण बन सकते हैं।
3. वसंत और शरद ऋतु वायुजनित पराग के लिये काफी विशिष्ट हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

34. दीपोर बील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह असम के निचले हिस्से में ब्रह्मपुत्र घाटी में नदी की आर्द्रभूमि है।
2. यह असम का एकमात्र रामसर स्थल है जिसे बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. लाइफस्टाइल मैटेरियल फुटप्रिंट
2. खाद्य अपशिष्ट
3. प्लास्टिक अपशिष्ट
4. सतत्स पर्यटन

उपर्युक्त लक्ष्य निम्नलिखित में से किस सतत् विकास लक्ष्य (SDG) का वर्णन करते हैं?

A. सतत् विकास लक्ष्य 16
B. सतत् विकास लक्ष्य 12
C. सतत् विकास लक्ष्य 8
D. सतत् विकास लक्ष्य 4

नोट :

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GST परिषद एक वैधानिक निकाय है।
2. GST परिषद की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. गौड़ीय वैष्णववाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित एक धार्मिक आंदोलन है।
2. गौड़ीय वैष्णववाद का केंद्र बिंदु भगवान विष्णु के अवतार के रूप में विट्ठल की भक्ति पूजा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सी-295 एमडब्लू मध्यम परिवहन विमान भारतीय वायु सेना के एवरो-748 विमानों के बेड़े का स्थान लेगा।
2. सी-295 मेगावाट का उत्पादन भारत में एयरबस डिफेंस एंड स्पेस और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. हाल ही में समाचारों में रहा 'पंज प्यारे' शब्द किससे संबंधित है?

A. पंजाब के दोआब क्षेत्र में उपजाऊ भूमि।
B. गुरु तेग बहादुर द्वारा लिखित सिख धर्म का धार्मिक ग्रंथ।
C. महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल में भू-राजस्व व्यवस्था।
D. वे पुरुष जिन्हें गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा समूह में दीक्षित किया गया था।

40. 'खालसा पंथ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना गुरु गोबिंद सिंह द्वारा की गई थी।
2. वे सैनिक-संत होते हैं, जिनमें सिख समुदाय के उच्चतम गुण मौजूद होते हैं।
3. खालसा पंथ में पुरुष और महिला दोनों शामिल हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

नोट :

41. कोरोनल मास इजेक्शन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूर्य की विशाल मात्रा में गैस और प्लाज़्मा को बाहर निकालने की घटना है।
2. यह पृथ्वी पर उपग्रहों और रेडियो संचार नेटवर्क पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (RoDTEP) में इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के लिये एक पूरी तरह से स्वचालित मार्ग है।
2. RoDTEP योजना विश्व व्यापार संगठन (WTO) के नियमों के अनुपालन में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत सभी अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) की रैंकिंग की जाती है।
2. NIRF रैंकिंग 2021 में पहली बार रिसर्च इंस्टीट्यूशन कैटेगरी को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. सूर्य की संरचना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्रोमोस्फीयर सौर वायुमंडल की सबसे निचली परत है।
2. सूर्य में विकिरण क्षेत्र वह क्षेत्र है जहाँ थर्मोन्यूक्लियर प्रतिक्रियाओं के माध्यम से ऊर्जा उत्पन्न होती है।
3. सनस्पॉट सूर्य की सतह पर गहरे और ठंडे क्षेत्र हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

नोट :

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) जारी किया जाता है।
2. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) को जनसंख्या में नियोजित व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
3. PLFS का त्रैमासिक बुलेटिन केवल शहरी क्षेत्रों के लिये बेरोज़गारी के आँकड़े प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

46. निम्नलिखित में से कौन-सा/से मेथेनॉल उत्पादन का/के स्रोत है/हैं?

1. उच्च राख कोयला
2. कृषि अवशेष
3. प्राकृतिक गैस
4. नगर पालिका अपशिष्ट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 4
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

47. निम्नलिखित में से कौन-सी खोज चंद्रयान-2 ऑर्बिटर द्वारा की गई है/हैं?

1. आर्गन-40 का पता लगाना
2. क्रोमियम और मैंगनीज का पता लगाना
3. उपसतह पर जल एवं बर्फ का पता लगाना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ARISE' अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के तहत शुरू की गई एक पहल है।
2. 'ARISE' का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. थार मरुस्थल पश्चिम में सिंधु नदी के मैदान और दक्षिण-पूर्व में अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ है।
2. बरखान थार रेगिस्तान में पाई जाने वाली खारे पानी की झीलें हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. थमिराबरानी नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक बारहमासी नदी है जो पश्चिमी घाट की पोथिगई पहाड़ियों से निकलती है।
2. यह तमिलनाडु से होकर बहती है और मन्नार की खाड़ी में गिरती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण शहरी 2021 के साथ लॉन्च किया गया था।
2. यह गाँवों को खुले में शौच मुक्त प्लस (ODF+) का दर्जा देने की केंद्र की पहल के एक हिस्से के रूप में ग्रामीण भारत में स्वच्छता, स्वच्छता और स्वच्छता की स्थिति का आकलन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. हाल ही में समाचारों में रहा "उन्नत स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी"(PACE) किस देश/समूह के साथ भारत का द्विपक्षीय समझौता है ?

A. ऑस्ट्रेलिया
B. यूरोपीय संघ
C. संयुक्त राज्य अमेरिका
D. जापान

53. 'क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट' (CRISPR) तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विलगित डीएनए स्ट्रैंड की खुद की मरम्मत करने की प्राकृतिक प्रवृत्ति पर निर्भर करता है।
2. इस विकास शोध के कारण पहली बार एक महिला टीम को नोबेल विज्ञान पुरस्कार दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

54. 'स्वामी विवेकानंद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें "आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था।
2. उन्होंने 'नव-वेदांत' का प्रचार किया।
3. उनकी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित भू-भौतिकीय परिघटनाओं (Geophysical Phenomenon) पर विचार कीजिये:

1. नमी और सूखा एक साथ
2. यूरेशियाई क्षेत्र में बढ़ी बर्फबारी
3. प्रशांत दशकीय दोलन (PDO) में परिवर्तन
4. सौर कलंक अवधि

उपर्युक्त कारकों में से किन्हें उत्तर-पूर्व (NE) भारत में वर्षा के पैटर्न में बदलाव हेतु उत्तरदायी माना जा सकता है?

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में उत्पादित लगभग 100% हाइड्रोजन प्राकृतिक गैस से आता है।
2. प्राकृतिक गैस से बनने वाले हाइड्रोजन को ग्रे हाइड्रोजन कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. 'पीलीभीत टाइगर रिज़र्व' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह ऊपरी गंगा के मैदान में तराई आर्क लैंडस्केप का हिस्सा है।
2. सुरही रेंज पीलीभीत टाइगर रिज़र्व को दुधवा नेशनल पार्क से जोड़ती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र सदैव बर्फ से ढके रहते हैं।
2. आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट में कमी से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की संभावना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से कोयला आधारित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है।
2. कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया रासायनिक रूप से जीवाश्म ईंधन को सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (SNG) में परिवर्तित कर देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. हाल ही में खबरों में रहा 'क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइज़ेशन डायलॉग' (CAFD) निम्नलिखित में से किन देशों अथवा समूहों से संबंधित है:

A. आर्कटिक सर्किल
B. ब्रिक्स
C. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
D. भारत और अमेरिका

61. निम्नलिखित में से कौन-सा/से लिथियम का/के गुण है/हैं ?

1. ठोस परिस्थितियों में सबसे हल्का ठोस तत्त्व
2. दुर्लभ मृदा धातु
3. अत्यधिक ज्वलनशील

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

62. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन "कनेक्ट करो 2021" पहल का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

A. यह पहल समावेशी, टिकाऊ और जलवायु को आगे बढ़ाने वाले भारतीय शहरों को डिज़ाइन करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।
B. इसका उद्देश्य चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के मामले में ग्रामीण-शहरी अंतर को पाटना है।
C. इसे सभी बसे हुए गाँवों तक बेहतर पहुँच की सुविधा हेतु भारतनेट परियोजना के तहत पीपीपी मोड में लॉन्च किया गया है।
D. यह एक ऑनलाइन लर्निंग अभियान है जो भारतनेट परियोजना के तहत आने वाले गाँवों के छात्रों को शिक्षकों से जोड़ता है।

नोट :

63. निम्नलिखित में से कौन-से वैश्विक प्रयास जलवायु परिवर्तन और प्रवासन चुनौतियों का समाधान करते हैं?

1. कैनकन अनुकूलन ढाँचा
2. सेंदाई फ्रेमवर्क
3. पेरिस समझौता
4. वारसॉ फ्रेमवर्क

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 4
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1949 में अंग्रेज़ी के साथ हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था।
2. हिंदी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है।
3. हिंदी को भारत की 'शास्त्रीय भाषाओं' में से एक के रूप में घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

65. क्वाड समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्वाड में चीन के आसपास के सभी लोकतांत्रिक देश शामिल हैं।
2. क्वाड के कुछ उद्देश्य वैक्सीन कूटनीति, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी नवाचार हैं।
3. क्वाड सामूहिक रक्षा के सिद्धांत पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल2 और 3
D. 1, 2 और 3

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: B

व्याख्या:

- रेत और धूल भरी आँधियाँ शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों से संबंधित सामान्य मौसम संबंधी जोखिम हैं।
  - आमतौर पर इनकी उत्पत्ति 'थंडरस्टॉर्म' या चक्रवात (जो एक विस्तृत क्षेत्र में हवा की गति को बढ़ाते हैं) संबंधित अत्यधिक दाब प्रवणता के कारण होती है, जो एक विस्तृत क्षेत्र में हवा की गति को बढ़ाते हैं।

सैंडस्टॉर्म के प्रभाव:

- नकारात्मक
  - पीने योग्य जलस्रोतों पर प्रभाव
    - 'हिमालय-हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला' और तिब्बती पठार, जो एशिया में 1.3 बिलियन से अधिक लोगों के लिये ताज़े पानी के स्रोत हैं, में धूल का जमाव काफी अधिक होता है, जो इन्हें प्रदूषित करता है।

- बर्फ पिघलने की दर में वृद्धि:
  - हिमनदों पर धूल का जमाव खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा उत्पादन, कृषि, जल तनाव और बाढ़ सहित कई मुद्दों के माध्यम से समाज पर प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष प्रभावों के साथ बर्फ के पिघलने की दर को बढ़ाकर वार्मिंग प्रभाव उत्पन्न करता है।
- कृषि (Farm land) पर:
  - धूल के जमाव ने तुर्कमेनिस्तान, पाकिस्तान और उज़्बेकिस्तान में कृषि भूमि के बड़े हिस्से को प्रभावित किया है।
- इस धूल के अधिकांश भाग में नमक की मात्रा अधिक होती है जो इसे पौधों के लिये विषाक्त बनाती है।
  - यह उपज को कम करता है जिससे सिंचित कपास और अन्य फसलों के उत्पादन के लिये खतरा पैदा होता है।
- सकारात्मक:
  - वे निक्षेपण के क्षेत्रों में पोषक तत्त्व बढ़ा सकते हैं और वनस्पति को लाभ पहुँचा सकते हैं।
  - जल निकायों पर जमा धूल उनकी रासायनिक विशेषताओं को बदल सकती है, जिससे सकारात्मक और प्रतिकूल दोनों तरह के परिणाम सामने आ सकते हैं।
  - आयरन को ले जाने वाले धूल के कण महासागरों के कुछ हिस्सों को समृद्ध कर सकते हैं, फाइटोप्लैंकटन (Phytoplankton) संतुलन में सुधार कर सकते हैं और समुद्री खाद्य जाल (Food Webs) को प्रभावित कर सकते हैं। अत: विकल्प B सही है।

2.

उत्तर: D

व्याख्या:

सबमरीन ज्वालामुखी समुद्र की सतह के नीचे स्थित ज्वालामुखी हैं इसलिये इन्हें सबमरीन ज्वालामुखी कहा जाता है।

- हवाई से लेकर इंडोनेशिया और आइसलैंड तक विश्व में सैकड़ों द्वीपों का निर्माण सबमरीन ज्वालामुखियों द्वारा किया गया है।
- चूँकि सबमरीन ज्वालामुखी हवा के बजाय जल में विस्फोटित होते हैं इसलिये ये स्थलीय ज्वालामुखियों की तुलना में काफी अलग व्यवहार करते हैं। उदाहरण के लिये सबमरीन ज्वालामुखियों में विस्फोट होना असामान्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उनके ऊपर जल का भार बहुत अधिक दबाव बनाता है, जिसे आमतौर पर निष्क्रिय लावा के रूप में जाना जाता है जो समुद्र तल के साथ बहता है। अधिकांश सबमरीन विस्फोट समुद्र की सतह को विचलित नहीं करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

3.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत कोविड -19 स्थानिकता के किसी चरण में प्रवेश कर रहा है, जहाँ निम्न से मध्यम स्तर का संचरण विद्यमान है।
- एक स्थानिक रोग (Endemic Disease) एक ऐसी बीमारी है जो हमेशा एक निश्चित आबादी या किसी दिये गए भौगोलिक क्षेत्र में मौजूद होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - स्थानिक (Endemic) रोग के कुछ उदाहरणों में चिकन पॉक्स और मलेरिया शामिल हैं, जहाँ विश्व के कुछ हिस्सों में प्रत्येक वर्ष अनुमानित संख्या में मामले सामने आते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- महामारी (Epidemic) एक बीमारी के प्रकोप को संदर्भित करता है। महामारी तब होती है जब कोई बीमारी एक या एक से अधिक आबादी में फैल रही हो। इसके विपरीत, स्थानिक रोग वह है जो किसी समूह या भौगोलिक क्षेत्र में लगातार मौजूद रहता है। अत: कथन 2 सही है।
  - पेंडेमिक विश्वव्यापी होती है। कोई भी महामारी अधिक संख्या में लोगों को प्रभावित करती है और किसी एपिडेमिक की तुलना में अधिक लोगों की जान लेती है।
  - कुछ परिस्थितियों में एक महामारी किसी रोग को स्थानिक बना सकती है।

नोट :

4.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ल्ड हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च (WHITR-AP) एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विरासत संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है।
  - यह यूनेस्को के तत्त्वावधान में विकासशील देशों में स्थापित पहला संस्थान है।
  - यह सदस्य राज्यों और यूनेस्को के सहयोगी सदस्यों की सेवा में एक स्वायत्त संस्था है।
  - इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में विश्व विरासत कन्वेंशन 1972 के कार्यान्वयन को मज़बूत करना है।
- वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 सबसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक संरक्षण उपकरणों में से एक है जिसे 1972 में निर्मित किया गया था।
  - इसका उद्देश्य उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य मानी जाने वाली विश्व की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की पहचान करना एवं उसकी रक्षा करना है।
  - यह संभावित स्थलों की पहचान करने और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण में राज्यों की भूमिका तथा कर्तव्यों को निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - कन्वेंशन पर हस्ताक्षर करके प्रत्येक देश न केवल अपने क्षेत्र में स्थित विश्व धरोहर स्थलों को संरक्षित करने, बल्कि अपनी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा करने हेतु भी प्रतिबद्ध होते हैं।
  - भारत इस कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्त्ता देश है और इसके 40 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और एक मिश्रित संपत्ति शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - तेलंगाना का रामप्पा मंदिर 39वाँ और गुजरात का धौलावीरा भारत का 40वाँ विश्व धरोहर स्थल था। अत: कथन 3 सही है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट (PISA) 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन' (OECD) द्वारा समन्वित एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षण है तथा इसे पहली बार वर्ष 2000 में आयोजित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक योग्यता-आधारित परीक्षा है, जिसे 15 वर्ष की आयु तक के उम्मीदवारों की क्षमता का आकलन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो ज्ञान को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करने हेतु प्रति तीन वर्ष में उनके पढ़ने, गणित और विज्ञान साक्षरता को मापता है। अत: कथन 2 सही है।

6.

उत्तर: D

व्याख्या:

- GI एक संकेतक है जिसका उपयोग एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली विशेष विशेषताओं वाले सामानों की पहचान करने हेतु किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उपयोग कृषि, प्राकृतिक और निर्मित वस्तुओं के लिये किया जाता है।
- 'माल भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999' भारत में माल के संबंध में भौगोलिक संकेतों के पंजीकरण एवं अत्यधिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है।
- यह विश्व व्यापार संगठन के बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार संबंधी पहलुओं (TRIPS) का भी एक हिस्सा है। अत: कथन 2 सही है।
- इसे भौगोलिक संकेतकों के रजिस्ट्रार पेटेंट, डिज़ाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक द्वारा प्रसाशित किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

7.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की 'वर्ल्ड सोशल प्रोटेक्शन रिपोर्ट 2020-22' से पता चला है कि वैश्विक स्तर पर 4.1 बिलियन लोगों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नही है।
    - सामाजिक सुरक्षा एक व्यापक दृष्टिकोण है जिसे नुकसान में कमी या रोकने, व्यक्ति और उसके आश्रितों के लिये एक बुनियादी न्यूनतम आय का आश्वासन देने तथा किसी भी अनिश्चितता से व्यक्ति की रक्षा करने हेतु डिज़ाइन किया गया।
        - सामाजिक सुरक्षा में विशेष रूप से वृद्धावस्था, बेरोज़गारी, बीमारी, विकलांगता, कार्य के दौरान चोट, मातृत्व अवकाश , स्वास्थ्य देखभाल तथा आय सुरक्षा उपायों तक पहुँच के साथ-साथ बच्चों वाले परिवारों हेतु अतिरिक्त सहायता शामिल है। अत: विकल्प B सही है।

8.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय और अल्जीरियाई नौसेनाओं ने समुद्री सहयोग बढ़ाने हेतु अल्जीरियाई तट पर पहले नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया।
    - अल्जीरिया के साथ नौसैनिक अभ्यास भारत के लिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह रणनीतिक रूप से माघरेब क्षेत्र (भूमध्य सागर की सीमा से लगे उत्तरी अफ्रीका के क्षेत्र) में स्थित है और अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है।अत: कथन 1 सही है।
        - इस क्षेत्र में अल्जीरिया, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को और ट्यूनीशिया भी शामिल हैं।
- इसमें पश्चिमी सहारा के विवादित क्षेत्र और सेउटा और मेलिला शहर शामिल हैं।
    - उत्तरी अफ्रीका का माघरेब क्षेत्र भूमध्य सागर की सीमा में है। अत: कथन 2 सही है।

9.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विशेष आहरण अधिकार (SDR) न तो मुद्रा है और न ही IMF पर दावा। बल्कि, यह आईएमएफ के सदस्यों की स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के एवज में एसडीआर का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- SDR, IMF और कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के खाते की इकाई के रूप में कार्य करता है।
- SDR की मुद्रा कीमत का निर्धारण अमेरिकी डॉलर में मूल्यों को जोड़कर किया जाता है, जो बाज़ार विनिमय दर, मुद्राओं की एक SDR बास्केट पर आधारित होता है।
- मुद्राओं के एसडीआर बास्केट में अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग और चीनी रॅन्मिन्बी (2016 में शामिल) शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- SDR मुद्रा के मूल्यों का दैनिक मूल्यांकन (अवकाश को छोड़कर या जिस दिन IMF व्यावसायिक गतिविधियों के लिये बंद हो) होता है एवं मूल्यांकन बास्केट की समीक्षा तथा इसका समायोजन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है।
- कोटा (Quotas) को SDRs में इंगित किया गया है।
    - सदस्य देशों का मतदान अधिकार सीधे उनके कोटे से संबंधित होता है।
    - IMF अपने सदस्यों को आईएमएफ में उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में सामान्य एसडीआर आवंटन करता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में IMF के पास रिज़र्व कोष, स्वर्ण भंडार और विदेशी मुद्रा संपत्ति के अलावा अन्य SDR भी शामिल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**नोट :**

10.

उत्तर: D

व्याख्या

- यह अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक मूल्य है, जिन्हें अंतिम उपयोगकर्त्ता द्वारा खरीदा जाता है और एक निश्चित अवधि में किसी देश में उत्पादन किया जाता है।
- जीडीपी के आँकड़े बताते हैं कि किसी भी अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास के चार इंजनों की क्या स्थिति है। ये चार इंजन हैं:
  - निजी अंतिम उपभोग व्यय (C)
  - निवेश ( I)
  - सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (G)
  - शुद्ध निर्यात" (NX) (निर्यात-आयात)
- GDP = C + I + G + NX अत: विकल्प D सही है।

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- बेसल III मानदंड एक अंतर्राष्ट्रीय नियामक समझौता है जिसने वर्ष 2008 के वित्तीय संकट के बाद बैंकिंग क्षेत्र के भीतर विनियमन, पर्यवेक्षण और जोखिम प्रबंधन में सुधार के लिये डिज़ाइन किये गए सुधारों का एक सेट पेश किया।
  - बेसल- III मानदंडों के तहत बैंकों को पूंजी का एक निश्चित न्यूनतम स्तर बनाए रखने के लिये कहा गया था और उन्हें जमा से प्राप्त होने वाले सभी धन को उधार नहीं देने के लिये कहा गया था।
- बेसल- III मानदंडों के अनुसार, बैंकों की नियामक पूंजी को टियर-1 और टियर-2 में बाँटा गया है, जबकि टियर-1 को कॉमन इक्विटी टियर-1 (CET-1) और अतिरिक्त टियर-1 (AT-1) पूंजी में विभाजित किया गया है। अत: विकल्प A सही है।

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- लद्दाख को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अधिनियमन के बाद 31 अक्तूबर 2019 को भारत के केंद्रशासित प्रदेश (UT) का दर्ज़ा दिया गया था।
  - इससे पहले यह जम्मू और कश्मीर राज्य का हिस्सा था।
- यह भारत का सबसे बड़ा और दूसरा सबसे कम आबादी वाला केंद्रशासित प्रदेश है।
- यह काराकोरम रेंज में सियाचिन ग्लेशियर से उत्तर में ग्रेट हिमालय के दक्षिण तक फैला हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका पूर्वी छोर निर्जन अक्साई चिन के मैदानों (Aksai Chin Plains) से मिलकर बना है जिस पर भारत सरकार द्वारा लद्दाख के हिस्से के रूप में दावा किया जाता है, वर्ष 1962 से यह चीन के नियंत्रण में है।
- लद्दाख का सबसे बड़ा शहर लेह है तथा दूसरा सबसे बड़ा शहर कारगिल है।
  - लेह ज़िले में सिंधु, श्योक और नुब्रा नदी घाटियाँ शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - कारगिल ज़िले में सुरू, द्रास और जास्कर नदी घाटियाँ शामिल हैं।
- इससे पहले वर्ष 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के मध्य नकु ला [Naku La Pass,(सिक्किम)] में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) और पैंगोंग त्सो झील (पूर्वी लद्दाख) के पास एक अस्थायी और छोटी झड़प सामने आई। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - हालाँकि हाल ही में भारत और चीन ने सैद्धांतिक रूप से पूर्वी लद्दाख में एक प्रमुख गश्ती बिंदु पर अलगाव को लेकर सहमति व्यक्त की है।

13.

उत्तर : A

व्याख्या :

- संघीय बजट स्थानीय निकायों को धन, राज्य आपदा राहत कोष प्रदान करता है और FC की सिफारिश पर करों के हस्तांतरण के बाद राज्यों के किसी भी राजस्व हानि की भरपाई करता है।
  - 73वें संविधान संशोधन, 1992 में केंद्र और राज्यों दोनों को पंचायती राज संस्थाओं को निधि, कार्य और पदाधिकारियों को सौंपकर स्वशासन की एक इकाई के रूप में विकसित करने में मदद करने की आदेश देता है। अत: कथन 1 सही है।
  - 15वें वित्त आयोग ने 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान पंचायतों को 'जल आपूर्ति और स्वच्छता' के लिये 1 लाख 42 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित करने की सिफारिश की है।
- बद्ध बनाम खुला अनुदान :
  - पंचायती राज ( Panchayati Raj) संस्थाओं के लिये आवंटित कुल सहायता अनुदान (grants) में से 60 प्रतिशत 'बंधन या बद्ध अनुदान' है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत खुले में शौच मुक्त (ODF) स्थिति की स्वच्छता और रखरखाव में सुधार , पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण के लिये केंद्र द्वारा आवंटित धन के अलावा ग्रामीण स्थानीय निकायों को अतिरिक्त धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बद्ध अनुदान प्रदान किया जाता है।
  - शेष 40 प्रतिशत 'अनटाइड ग्रांट या खुलाअनुदान' है और वेतन के भुगतान को छोड़कर, स्थान–विशिष्ट ज़रूरतों के लिये पंचायती राज संस्थानों के स्वविवेक पर इसका उपयोग किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- संसाधनों का आवंटन : राज्यों को केंद्र सरकार से अनुदान प्राप्त होने के 10 कार्य दिवसों के भीतर ग्रामीण स्थानीय निकायों को अनुदान हस्तांतरित करना आवश्यक है।
  - 10 कार्य दिवसों से अधिक समय लगने पर राज्य सरकारों को ब्याज सहित अनुदान जारी करने की आवश्यकता होती है।

14.

उत्तर: D

व्याख्या

- 'AT1 बॉण्ड' जिसे 'परपेचुअल बॉण्ड'(Perpetual Bond) भी कहा जाता है, की कोई परिपक्वता तिथि नहीं होती है, किंतु इनमें कॉल विकल्प होता है। ऐसे बॉण्ड के जारीकर्त्ता बॉण्ड को कॉल या रिडीम कर सकते हैं यदि उन्हें सस्ती दर पर पैसा मिल रहा है, खासकर तब जब ब्याज दरें गिर रही हों।
    - ये बैंकों और कंपनियों द्वारा जारी किये गए किसी भी अन्य बॉण्ड्स की तरह ही हैं, लेकिन अन्य बॉण्डों की तुलना में इनमें थोड़ी अधिक ब्याज़ दर का भुगतान किया जाता है।
  - बैंक ये बॉण्ड 'बेसल-III' मानदंडों को पूरा करने के उद्देश्य से अपने मूल पूंजी आधार को बढ़ाने के लिये जारी करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - ये बॉण्ड भी सूचीबद्ध होते हैं और एक्सचेंजों पर इन्हें खरीदा या बेचा जाता है। इसलिये यदि किसी 'AT1' बॉण्डधारक को पैसे की ज़रूरत है, तो वह इसे सेकेंडरी मार्केट में बेच सकता है।
  - निवेशक इन बॉण्ड्स को जारीकर्त्ता बैंक को वापस नहीं कर सकते हैं यानी इसके धारकों के लिये कोई 'पुट ऑप्शन' उपलब्ध नहीं है।
  - 'AT-1' बॉण्ड जारी करने वाले बैंक किसी विशेष वर्ष के लिये ब्याज भुगतान को रोक भी सकते हैं या बॉण्ड के अंकित मूल्य को भी कम कर सकते हैं। अत: कथन 3 सही है।
- 'एडिशनल टियर-1' (AT1) बॉण्ड भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किये जाते हैं। यदि रिज़र्व बैंक को लगता है कि किसी बैंक को बचाव की ज़रूरत है, तो वह बैंक को अपने निवेशकों से परामर्श किये बिना अपने बकाया AT-1 बॉण्ड को 'बट्टे खाते में डालने' (Write Off) के लिये कह सकता है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

15.

उत्तर : A

व्याख्या :

इनर लाइन परमिट (ILP) सिस्टम:

- इसे 'बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (BEFR) एक्ट, 1873' के तहत लागू किया गया था, ILP एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़ है, जो एक भारतीय नागरिक को एक सीमित अवधि के लिये संरक्षित/प्रतिबंधित क्षेत्र में आवक यात्रा की अनुमति देता है।
  - यह अधिनियम ब्रिटिश काल के दौरान 'ब्रिटिश विषयों' (भारतीयों) को अपने क्षेत्रों में व्यापार करने से रोककर क्राउन के वाणिज्यिक हितों की रक्षा के लिये लागू किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- 1873 के विनियमन की धारा 2 के तहत, ILP केवल तीन पूर्वोत्तर राज्यों जैसे मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड पर लागू था।
  - 11 दिसंबर 2020 को, राष्ट्रपति ने ILP को मणिपुर तक विस्तारित करने के आदेश पर हस्ताक्षर किया, जिसके पश्चात् ILP शासन लागू करने वाला मणिपुर चौथा राज्य बन गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

16.

उत्तर: D

व्याख्या:

- इसमें भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है और यह रामसर स्थल है। इसे वर्ष 1988 में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया था।
- भितरकनिका ब्राह्मणी, बैतरणी, धामरा और महानदी नदी प्रणालियों के मुहाने में स्थित है। यह ओडिशा के केंद्रपाड़ा ज़िले में है।
- यह ओडिशा के बेहतरीन जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में से एक है और अपने मैंग्रोव, प्रवासी पक्षियों, कछुओं, मुहाना के मगरमच्छों तथा अनगिनत खाड़ियों के लिये प्रसिद्ध है।
  - ऐसा कहा जाता है कि यहाँ देश के मुहाना या खारे जल के मगरमच्छों का 70% हिस्सा रहता है, जिसका संरक्षण वर्ष 1975 में शुरू किया गया था। अत: विकल्प D सही है।

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ब्लू स्ट्रैगलर तारे असामान्य रूप से गर्म और चमकीले होते हैं तथा प्राचीन तारकीय समूहों, जिन्हें ग्लोबुलर (गोलाकार तारामंडल/तारा समूह) कहा जाता है, के कोर में पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - अधिकांश ब्लू स्ट्रैगलर सूर्य से कई हज़ार प्रकाश वर्ष दूर स्थित हैं और इनमें से ज़्यादातर लगभग 12 बिलियन वर्ष या उससे भी अधिक पुराने हैं।
- ब्लू स्ट्रैगलर सितारे तारकीय विकास के मानक सिद्धांतों का उल्लंघन करते प्रतीत होते हैं। अत: कथन 2 सही है
  - एक ही बादल से एक ही निश्चित अवधि में जन्मे तारों का कोई एक समूह अलग से दूसरा समूह बना लेता है।
    - तारे का निर्माण अंतर-तारकीय आणविक बादलों (बहुत ठंडी गैस और धूल के अपारदर्शी गुच्छ) में होता है।
  - मानक तारकीय विकास के तहत जैसे-जैसे समय बीतता है, प्रत्येक तारा अपने द्रव्यमान के आधार पर अलग-अलग विकसित होने लगता है। जिसमें एक ही समय में उत्पन्न हुए सभी सितारों को हर्ट्ज़स्प्रंग-रसेल आरेख (Hertzsprung-Russell Diagram) पर स्पष्ट रूप से निर्धारित वक्र पर स्थित होना चाहिये।
  - ब्लू स्ट्रैगलर विकसित होने के बाद मुख्य अनुक्रम से हट जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप उनके मार्ग में एक विपथन आ जाता है जिसे टर्नऑफ के रूप में जाना जाता है।
  - चूँकि ब्लू स्ट्रैगलर इस इस वक्र से दूर रहते हैं, इसलिये वे असामान्य तारकीय विकास क्रम से गुज़र सकते हैं।

18.

उत्तर: B

व्याख्या :

- समुद्री कछुए , टेरापिन (ताज़े जल के कछुए) और अन्य कछुओं की तुलना में आकार में बड़े होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय जल में कछुए की पाँच प्रजातियाँ पाई जाती हैं अर्थात् ओलिव रिडले, ग्रीन टर्टल्स, लॉगरहेड, हॉक्सबिल, लेदरबैक।
  - ओलिव रिडले समुद्री कछुओं (Lepidochelys Olivacea) दुनिया में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुए से सबसे छोटा हैं और सबसे प्रचुर मात्रा में पाये जाने वाला समुद्री कछुआ हैं। यह मुख्य रूप से प्रशांत, हिन्द और अटलांटिक महासागरों के गर्म जल में पाए जाते है। अत: कथन 2 सही है।
  - ओलिव रिडले, लेदरबैक और लॉगरहेड को IUCN रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटेंड स्पीशीज़ (IUCN Red List of Threatened Species) में 'सुभेद्य' (Vulnerable) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
  - हॉक्सबिल कछुए को 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered)' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और ग्रीन टर्टल को IUCN की खतरनाक प्रजातियों की रेड लिस्ट में 'लुप्तप्राय' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
    - वे भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, अनुसूची- I के तहत संरक्षित हैं।

19.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में वित्त मंत्री ने वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (FSDC) की 24वीं बैठक की अध्यक्षता की।
  - FSDCवित्त मंत्रालय के तहत एक गैर-सांविधिक/गैर-वैधानिक शीर्ष परिषद है तथा इसकी स्थापना वर्ष 2010 में एक कार्यकारी आदेश द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- FSDC की स्थापना का प्रस्ताव सबसे पहले वित्तीय क्षेत्र के सुधारों पर गठित रघुराम राजन समिति (2008) द्वारा किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - इसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री द्वारा की जाती है तथा इसके सदस्यों में वित्तीय क्षेत्र के सभी नियामकों (RBI, SEBI, PFRDA और IRDA) के प्रमुख, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) के सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हैं।
- वर्ष 2018 में, सरकार ने आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) के ज़िम्मेदार राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI) के अध्यक्ष तथा राजस्व सचिव को शामिल करने के उद्देश्य से FSDC का पुनर्गठन किया।
  - FSDC उप-समिति की अध्यक्षता RBI के गवर्नर द्वारा की जाती है।
  - आवश्यकता पड़ने पर यह परिषद विशेषज्ञों को भी अपनी बैठक में आमंत्रित कर सकती है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बॉन चुनौती (Bonn Challenge) एक वैश्विक प्रयास है। इसके तहत दुनिया के 150 मिलियन हेक्टेयर गैर-वनीकृत एवं बंजर भूमि पर 2020 तक और 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर 2030 तक वनस्पतियाँ उगाई जाएंगी। अत: कथन 1 सही है।
- लीडर्स समिट ऑन क्लाइमेट, 2021 में 'लोअरिंग एमिशन बाय एक्सीलरेटिंग फॉरेस्ट फाइनेंस' (Lowering Emissions by Accelerating Forest Finance- LEAF) गठबंधन की घोषणा की गई थी।
  - LEAF गठबंधन अमेरिका, ब्रिटेन और नॉर्वे के नेतृत्व में अपने उष्णकटिबंधीय वनों (Tropical Forests) की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध देशों को वित्तपोषण प्रदान हेतु कम-से-कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने का एक प्रयास है।
  - यह अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और नॉर्वे की सरकारों का एक समूह है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- तपेदिक, टीबी या क्षय रोग 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो कि लगभग 200 सदस्यों वाले 'माइकोबैक्टीरियासी परिवार' से संबंधित है।
  - टीबी, मनुष्यों में सबसे अधिक फेफड़ों (पल्मोनरी टीबी) को प्रभावित करता है, लेकिन यह अन्य अंगों (एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी) को भी प्रभावित कर सकता है।
- 'मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस' (MDR-TB) टीबी का एक प्रकार है, जिसका इलाज दो सबसे शक्तिशाली प्रथम-पंक्ति उपचार एंटी-टीबी दवाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - 'एक्स्टेंसिव ड्रग रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस' (XDR-TB) टीबी का वह रूप है, जो ऐसे बैक्टीरिया के कारण होता है जो कई सबसे प्रभावी एंटी-टीबी दवाओं के प्रतिरोधी होते हैं।
- टीबी एक इलाज योग्य एवं आरोग्य-साध्य बीमारी है।
  - बेसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) वैक्सीन ने अपने 100 वर्ष पूरे कर लिये हैं और यह वर्तमान में 'तपेदिक' (TB) की रोकथाम के लिये उपलब्ध एकमात्र वैक्सीन है। अत: कथन 2 सही है।
  - बीसीजी वैक्सीन को दो फ्राँसीसी वैज्ञानिकों अल्बर्ट कैलमेट (Albert Calmett) और केमिली गुएरिन (Camille Guerin) द्वारा माइकोबैक्टीरियम बोविस [Mycobacterium bovis (जो मवेशियों में टीबी का कारण बनता है)] के एक स्ट्रेन में परिवर्तन करके विकसित किया गया था, जिसे पहली बार वर्ष 1921 में मनुष्यों में प्रयोग किया गया था।

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप से तापन की स्थिति को दर्शाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) घटना की "उष्ण अवस्था" है।
  - यह घटना ला नीना की तुलना में अधिक बार होती है। अत: कथन 2 सही है।

प्रभाव :

  - गर्म जल प्रशांत जेट स्ट्रीम को अपनी तटस्थ स्थिति से दक्षिण की ओर ले जाने का कारण बनता है। इस परिवर्तन के सापेक्ष, उत्तरी अमेरिका और कनाडा के क्षेत्र सामान्य से अधिक शुष्क और उष्ण हो गए हैं। लेकिन अमेरिका के खाड़ी तट एवं दक्षिण-पूर्व में यह अवधि सामान्य से अधिक नमीयुक्त होती है जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ में वृद्धि होती है।
  - अल नीनो के कारण दक्षिण अमेरिका में बारिश अधिक होती है, वहीं इंडोनेशिया एवं ऑस्ट्रेलिया में इसके कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - अल नीनो का गहरा प्रभाव प्रशांत तट से दूर स्थित समुद्री जीवन पर भी पड़ता है।

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- रैप्टर शिकार करने वाले पक्षी हैं। ये मांसाहारी होते हैं तथा स्तनधारियों, सरीसृपों, उभयचरों, कीटों के साथ-साथ अन्य पक्षियों को भी मारकर खाते हैं।
  - सभी रैप्टर/शिकारी पक्षी मुड़ी हुई चोंच, नुकीले पंजे वाले मज़बूत पैर, तीव्र दृष्टि के साथ ही मांसाहारी होते हैं।

नोट :

- रैप्टर या शिकारी प्रजाति के पक्षी कशेरुकियों (Vertebrates) की एक विस्तृत शृंखला का शिकार करते हैं और साथ ही ये लंबी दूरी तक बीजों को फैलाने का कार्य करते हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से बीज उत्पादन और कीट नियंत्रण को बढ़ावा देता है। अत: कथन 1 सही है।
- इंडोनेशिया में सबसे अधिक रैप्टर प्रजातियाँ पाई जाती हैं, इसके बाद कोलंबिया, इक्वाडोर और पेरू का स्थान है।
  - उदाहरण: उल्लू, गिद्ध, बाज, फॉल्कन, चील, पतंग, ब्यूटियो, एक्सीपिटर्स, हैरियर और ओस्प्रे।
- रैप्टर्स MoU (वैश्विक): इस समझौते को 'रैप्टर समझौता-ज्ञापन (Raptor MOU)' के नाम से भी जाना जाता है। यह समझौता अफ्रीका और यूरेशिया क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों के शिकार पर प्रतिबंध और उनके संरक्षण को बढ़ावा देता है।
  - CMS संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है। इसे बॉन कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है। CMS का उद्देश्य स्थलीय, समुद्री तथा उड़ने वाले अप्रवासी जीव जंतुओं का संरक्षण करना है। यह कन्वेंशन अप्रवासी वन्यजीवों तथा उनके प्राकृतिक आवास पर विचार-विमर्श के लिये एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

24.

उत्तर: D

व्याख्या:

- टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 संस्करण जारी किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - टाइम्स हायर एजुकेशन जिसे पहले टाइम्स हायर एजुकेशन सप्लीमेंट (THES) के नाम से जाना जाता था, एक पत्रिका है जो विशेष रूप से उच्च शिक्षा से संबंधित खबरों और मुद्दों पर रिपोर्टिंग करती है।
  - इससे पहले क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 जारी की थी।
- यह रैंकिंग यूनिवर्सिटी/विश्वविद्यालय गतिविधि के चार मुख्य क्षेत्रों को कवर करती है जिनमें शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण शामिल हैं टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ष 2004 से यह डेटा जारी कर रहा है।
- टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा जारी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में विश्व की शीर्ष 1,000 यूनिवर्सिटीज़ में भारत की 35 यूनिवर्सिटीज़ शामिल हैं , जो रैंकिंग में अब तक का दूसरा सबसे बड़ा विश्वविद्यालयों का समूह है। पिछले साल इसमें 36 यूनिवर्सिटीज़ शामिल थीं।
  - भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरु, 301-350 की स्थिति पर, शीर्ष 350 में एकमात्र भारतीय संस्थान है, इसके बाद IIT रोपड़, JS उच्च शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, IIT इंदौर, अलगप्पा विश्वविद्यालय और थापर विश्वविद्यालय का स्थान हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- विश्व स्तर पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लगातार छठे वर्ष रैंकिंग में सबसे ऊपर रही है, जबकि चीन (मुख्य भूमि) की सिंघुआ यूनिवर्सिटी वर्तमान पद्धति (2011 में लॉन्च) के तहत शीर्ष 20 में प्रवेश करने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है।
  - देशों के हिसाब से देखा जाए तो कुल मिलाकर रैंकिंग में अमेरिका के सर्वाधिक 183 संस्थान शामिल हैं।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- FSSAI ने खाद्य सुरक्षा के पाँच मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) विकसित किया है।
- इस सूचकांक में खाद्य सुरक्षा के पाँच मानकों के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है:
  - मानव संसाधन और संस्थागत डेटा,
  - अनुपालन,
  - खाद्य परीक्षण सुविधा- अवसंरचना और निगरानी,

- प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण
- उपभोक्ता सशक्तीकरण।

- सूचकांक एक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक बेंचमार्किंग मॉडल है जो सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के मूल्यांकन के लिये एक वस्तुपरक ढाँचा प्रदान करता है।
- अत: विकल्प C सही है।

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में महान स्वतंत्रता सेनानी वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई।
- वह एक लोकप्रिय कप्पलोटिया थमिज़ान (तमिल खेवनहार) और "चेक्किलुथथा चेम्मल" के रूप में जाने जाते थे। अत: कथन 1 सही है।
- चिदंबरम पिल्लई ने 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद राजनीति में प्रवेश किया।
- वर्ष 1905 के अंत में चिदंबरम पिल्लई ने मद्रास का दौरा किया और बाल गंगाधर तिलक तथा लाला लाजपत राय द्वारा शुरू किये गए स्वदेशी आंदोलन से जुड़े। अत: कथन 2 सही है।
  - चिदंबरम पिल्लई रामकृष्ण मिशन की ओर आकर्षित हुए और सुब्रमण्यम भारती तथा मांडयम परिवार के संपर्क में आए।
- तूतीकोरिन (वर्तमान थूथुकुडी) में चिदंबरम पिल्लई के आने तक तिरुनेलवेली ज़िले में स्वदेशी आंदोलन ने गति प्राप्त करना शुरू नहीं किया था।
- 1906 तक चिदंबरम पिल्लई ने स्वदेशी स्टीम नेविगेशन कंपनी (एसएसएनसीओ) के नाम से एक स्वदेशी मर्चेंट शिपिंग संगठन स्थापित करने के लिये तूतीकोरिन और तिरुनेलवेली में व्यापारियों एवं उद्योगपतियों का समर्थन हासिल किया।
  - उन्होंने स्वदेशी प्रचार सभा, धर्मसंग नेसावु सलाई, राष्ट्रीय गोदाम, मद्रास एग्रो-इंडस्ट्रियल सोसाइटी लिमिटेड और देसबीमना संगम जैसी कई संस्थाओं की स्थापना की।
- चिदंबरम पिल्लई और शिवा को उनके प्रयासों हेतु तिरुनेलवेली स्थित कई वकीलों द्वारा सहायता प्रदान की गई, जिन्होंने स्वदेशी संगम या 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक' नामक एक संगठन का गठन किया।
- तूतीकोरिन कोरल मिल्स की हड़ताल (1908) की शुरुआत के साथ राष्ट्रवादी आंदोलन ने एक द्वितीयक चरित्र प्राप्त कर लिया। अत: कथन 3 सही है।

27.

उत्तर: B

व्याख्या

- दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी पर्यावरण निर्णयन फोरम 'IUCN वर्ल्ड कंज़र्वेशन कॉन्ग्रेस 2020' फ्राँस के मार्सिले में आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस फोरम को जून 2020 में सितंबर 2021 तक के लिये स्थगित कर दिया गया था।
  - इसके तहत मौजूदा जैव विविधता संकट सहित संरक्षण प्राथमिकताओं को संबोधित करने हेतु कई महत्त्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिये गए हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) 'विश्व संरक्षण कॉन्ग्रेस' का आयोजन करता है, जो प्रत्येक चार वर्ष में एक बार दुनिया भर के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- इस प्रकार की पहली कॉन्ग्रेस' संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 1948 में आयोजित की गई थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- IUCN की अपडेट की गई रेड लिस्ट के अनुसार, प्रजातियों के स्तर पर वैश्विक सुधार के बावजूद उच्च जोखिम वाली प्रजातियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।
  - इंडोनेशिया की कोमोडो ड्रैगन (Varanus komodoensis) विश्व की सबसे बड़ी जीवित छिपकली है और इसे सुभेद्य से संकटग्रस्त की श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया गया है। अत: कथन 3 सही है।
  - इस प्रजाति पर जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभाव देखे गए हैं, समुद्र के बढ़ते स्तर के साथ अगले 45 वर्षों में प्रजाति के आवास में कम-से-कम 30% की कमी आने की आशंका है।

28.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है जिसे क्रिप्टोग्राफी द्वारा सुरक्षित किया जाता है, जिसके कारण इसका जाली रूप बनाना लगभग असंभव हो जाता है।
  - उधार देना और उधार लेना क्रिप्टोकरेंसी द्वारा दी जाने वाली वैकल्पिक सेवाएँ हैं।
- निवेशक डिजिटल करेंसी की अपनी होल्डिंग्स पर ब्याज अर्जित कर सकते हैं, अक्सर वे बैंक में नकद जमा पर बहुत अधिक या ऋण वापस करने के लिये क्रिप्टो के साथ संपार्श्विक के रूप में उधार लेते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - कानून के अनुसार, बैंकों के लिये नकद रिज़र्व रखना आवश्यक होता है ताकि यदि कुल ऋण में से कुछ बैड लोन में परिवर्तित भी हो जाए तो यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक अपना धन निकाल सकें, जबकि क्रिप्टो बैंकों के पास इस प्रकार का कोई भी रिज़र्व नहीं होता है और वे जिन संस्थानों को उधार देते हैं उनमें जोखिमपूर्ण गतिविधियों की संभावना रहती है।
- इस प्रकार के जमा की गारंटी केंद्रीय बैंक के समर्थित जमा बीमा निगम द्वारा नहीं दी जाती है। साइबर हमले, बाज़ार की प्रतिकूल स्थिति या अन्य परिचालन या तकनीकी कठिनाइयों के कारण निकासी या स्थानांतरण पर अस्थायी या स्थायी रोक लग सकती है।
- स्टेबलकॉइन: स्टेबल करेंसी वह क्रिप्टोकरेंसी है जो आमतौर पर डॉलर से जुड़ी होती है। वे ब्लॉकचेन लेन-देन हेतु डिजिटल रूप में सरकार द्वारा जारी धन का स्थिर मूल्य प्रदान करने के लिये हैं, लेकिन निजी संस्थाओं द्वारा जारी किये जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मुख्य रूप से कोरापुट क्षेत्र में पाई जाने वाली मांडा भैंस को भारत में पाई जाने वाली भैंसों की 19वीं अनूठी नस्ल के रूप में मान्यता दी गई है।
- पूर्वी घाटों के मूल निवासी मांडा छोटे आकार के मज़बूत भैंस होते हैं, इस नस्ल के भैंसों के शरीर का रंग आमतौर पर धूसर (Grey) होता है तथा कुछ चांदी के समान सफेद रंग के होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मांडा परजीवी संक्रमणों के लिये प्रतिरोधी हैं, जिनमें बीमारियों की संभावना कम होती है और ये कम या शून्य इनपुट प्रणाली पर जीवित रहने के साथ ही उत्पादन और प्रजनन में सक्षम होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

30.

उत्तर: C

व्याख्या

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद-360 राष्ट्रपति को वित्तीय आपातकाल की घोषणा करने का अधिकार देता है यदि वह संतुष्ट है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है, जिसके कारण भारतीय राज्यक्षेत्र के किसी भी हिस्से की वित्तीय स्थिरता या क्रेडिट को खतरा है। अत: कथन 1 सही है।
- वित्तीय आपातकाल की घोषणा को संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके जारी होने की तारीख से दो महीने के भीतर अनुमोदित किया जाना अनिवार्य है।
  - संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित होने के बाद वित्तीय आपातकाल अनिश्चित काल तक जारी रहता है, जब तक कि इसे रद्द नहीं किया जाता। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वित्तीय आपातकाल का प्रभाव
  - राज्यों के वित्तीय मामलों पर संघ के कार्यकारी अधिकार का विस्तार।
  - राज्य में सेवारत सभी या किसी भी वर्ग के व्यक्तियों के वेतन और भत्तों में कटौती।

नोट :

- राज्य की विधायिका द्वारा पारित किये जाने के बाद सभी धन विधेयकों या अन्य वित्तीय विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित करना। अत: कथन 3 सही है।
- संघ की सेवा में कार्यरत सभी या किसी भी वर्ग के व्यक्तियों और सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्तों में कटौती के लिये राष्ट्रपति से निर्देश।

31.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ब्रह्मपुत्र नदी मानसरोवर झील (तिब्बत) के पास कैलाश श्रेणी के चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से सियांग या दिहांग के नाम से निकलती है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह अरुणाचल प्रदेश के सादिया शहर के पश्चिम में भारत में प्रवेश करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सहायक नदियाँ: दिहांग नदी, दिबांग नदी, लोहित नदी, धनसिरी नदी, कोलोंग नदी, कामेंग नदी, मानस नदी, बेकी नदी, रैदक नदी, जलधाका नदी, तीस्ता नदी, सुबनसिरी नदी। अत: कथन 3 सही है।

32.

उत्तर: D

व्याख्या:

- शिक्षक पर्व 2021 के अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की। इन पहलों में शामिल है:
  - निपुण भारत हेतु निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम:
    - 'नेशनल इनिसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलीस्टिक एडवांसमेंट' (NISHTHA) एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम है।
    - निपुण (बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल) भारत योजना को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने के लिये एक सक्षम वातावरण बनाने हेतु शुरू किया गया था, ताकि ग्रेड-3 तक का प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 के अंत तक पढ़ने, लिखने और अंकगणित में वांछित सीखने की क्षमता प्राप्त कर सके। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
  - विद्यांजलि 2.0 पोर्टल: इसे विद्यालय विकास हेतु शिक्षा स्वयंसेवकों, दाताओं और CSR (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) योगदानकर्ताओं की सहायता प्राप्त करने के लिये प्रारंभ किया गया था।
    - विद्यांजलि योजना उन अभिनव योजनाओं में से एक है जो सरकारी स्कूलों में स्वयंसेवी शिक्षकों की पेशकश करके साक्षरता में सुधार की ओर ध्यान केंद्रित करती है। इसे वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
  - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पहली वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये प्रधानमंत्री ने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट को लॉन्च किया जो उच्च शिक्षा में छात्रों को प्रवेश और निकास के कई विकल्प प्रदान करने के साथ ही प्रथम वर्ष के इंजीनियरिंग कार्यक्रम और उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिये क्षेत्रीय भाषाओं में दिशा-निर्देश प्रदान करेगा।
    - शुरू की गई पहलों में विद्या प्रवेश (Vidya Pravesh) पहल भी शामिल है, जो ग्रेड 1 के छात्रों के लिये नाटक/प्ले आधारित तीन माह का स्कूल प्रिपरेशन मॉड्यूल (School Preparation Module) है, माध्यमिक स्तर पर एक विषय के रूप में भारतीय सांकेतिक भाषा, NISHTHA 2.0, NCERT द्वारा डिज़ाइन किया गया शिक्षक प्रशिक्षण का एक एकीकृत कार्यक्रम है और SAFAL (सीखने के स्तर के विश्लेषण के लिये संरचित मूल्यांकन), जो कि सीबीएसई स्कूलों में ग्रेड 3, 5 और 8 के लिये एक योग्यता आधारित मूल्यांकन ढाँचा है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
    - इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षा वास्तुकला (NDEAR) और राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी फोरम (NETF) का शुभारंभ भी हुआ।

नोट :

33.

उत्तर: D

व्याख्या

- परागकण नर जैविक संरचनाएँ हैं, जिनका प्राथमिक दायित्व 'गर्भाधान' होता है, लेकिन जब मनुष्यों द्वारा साँस ली जाती है, तो वे श्वसन प्रणाली पर दबाव डाल सकते हैं और एलर्जी का कारण बन सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - 'पराग' पौधों द्वारा छोड़ा जाता है, जिससे लाखों लोग हे फीवर, परागण और एलर्जिक राइनाइटिस से पीड़ित होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - भारत में लगभग 20-30% आबादी एलर्जिक राइनाइटिस या हे फीवर से पीड़ित है और लगभग 15% लोग अस्थमा से पीड़ित हैं।
- PGIMER के एक अध्ययन के अनुसार, वसंत और शरद ऋतु का मौसम वायुजनित पराग के लिये काफी विशिष्ट होता है, जब फेनोलॉजिकल एवं मौसम संबंधी मापदंड पराग कणों के विकास, फैलाव और संचरण के लिये अनुकूल होते हैं। अत: कथन 3 सही है।

34.

उत्तर: C

व्याख्या:

- दीपोर बील (बील का अर्थ असमिया में आर्द्रभूमि या बड़ा जलीय निकाय) गुवाहाटी शहर से लगभग 10 किमी दक्षिण पश्चिम में स्थित है, जिसे निचले असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बड़ी और महत्त्वपूर्ण  नदी के आर्द्रभूमि में से एक माना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह असम की सबसे बड़ी मीठे पानी की झीलों में से एक है और बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र घोषित होने के अलावा राज्य का एकमात्र रामसर स्थल है। अत: कथन 2 सही है।

35.

उत्तर: B

व्याख्या:

सतत्ख विकास लक्ष्य (SDG) 12 के बारे में:

- सतत् विकास लक्ष्य (SDG) 12 का उद्देश्य विश्व में हर जगह संवहनीय/सतत् खपत और उत्पादन पैटर्न को सुनिश्चित करना है।
- सतत् खपत और उत्पादन से तात्पर्य "सेवाओं एवं संबंधित उत्पादों के उपयोग से है, जो बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के साथ जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं तथा प्राकृतिक संसाधनों और  भविष्य की पीढ़ियों की ज़रूरतों को खतरे में न डालते हुए विषाक्त पदार्थों के उपयोग में कमी के साथ-साथ जीवन चक्र पर अपशिष्ट और प्रदूषकों के उत्सर्जन के प्रभाव को कम करते हैं।
- SDG 12 के लक्ष्य
    - प्रति व्यक्ति वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना और वर्ष 2030 तक प्राकृतिक संसाधनों के कुशल और टिकाऊ उपयोग को सुनिश्चित करना।
    - प्रदूषण को समाप्त करना, समग्र अपशिष्ट उत्पादन को कम करना और रसायनों एवं ज़हरीले कचरे के प्रबंधन में सुधार करना।
    - हरित बुनियादी ढाँचे और प्रथाओं को व्यवहार में लाने के लिये कंपनियों के बीच तालमेल का समर्थन करना।
    - यह सुनिश्चित करना कि हर जगह हर किसी को प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के तरीकों से पूरी तरह से अवगत कराया जाए और अंतत: उद्देश्यपूर्ण तरीकों को अपनाया जाए। अत: विकल्प B सही है।

36.

उत्तर: D

व्याख्या:

- GST परिषद, वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार को सिफारिशें करने के लिये एक संवैधानिक निकाय (अनुच्छेद 279A) है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- जीएसटी परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की जाती है तथा अन्य सदस्य केंद्रीय राजस्व या वित्त मंत्री और सभी राज्यों के वित्त या कराधान के प्रभारी मंत्री होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - इसे एक संघीय निकाय के रूप में माना जाता है जहाँ केंद्र और राज्य दोनों को उचित प्रतिनिधित्व मिलता है।

37.

उत्तर: A

व्याख्या :

- गौड़ीय वैष्णववाद चैतन्य महाप्रभु से प्रेरित एक वैष्णव हिंदू धार्मिक आंदोलन है। अत: कथन 1 सही है।
    - यहाँ "गौड़िया" बंगाल के गौर या गौड़ क्षेत्र को वैष्णववाद के साथ संदर्भित करता है जिसका अर्थ है "विष्णु की पूजा"।
- गौड़ीय वैष्णववाद के मतानुसार, राधा और कृष्ण की भक्ति पूजा (भक्ति-योग के रूप में जाना जाता है) तथा भगवान के सर्वोच्च रूपों (स्वयं भगवान, Svayam Bhagavan) में उनके कई दिव्य अवतार हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सबसे लोकप्रिय गीत जैसे "हरे कृष्णा और हरे रामा " के रूप में यह पूजा राधा और कृष्ण के पवित्र नामों के साथ गीत का रूप लेती है, आमतौर पर हरे कृष्णा (मंत्र) स्वर के रूप में कीर्तन किया जाता है तथा इसके साथ नृत्य भी किया जाता है।

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सुरक्षा मामलों संबंधी समिति (CCS) ने एयरोस्पेस क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया पहल के तहत भारतीय वायु सेना के लिये 56 सी-295 मेगावाट (56 C-295 MW) क्षमता वाले मध्यम परिवहन विमान की खरीद को मंज़ूरी दे दी है।
    - 56 सी-295 एमडब्ल्यू (C-295 MW) विमान को एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एस.ए, स्पेन से खरीदा जाएगा।
- 56 सी-295 एमडब्ल्यू समकालीन तकनीक के साथ 5-10 टन क्षमता का परिवहन विमान है।
    - इसमें तेज़ी से प्रतिक्रिया और सैनिकों एवं कार्गो की पैरा ड्रॉपिंग के लिये एक रीयर रैंप (Rear Ramp Door) है।
    - इसे स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट (Electronic Warfare Suite) के साथ स्थापित किया जाएगा।
- यह भारतीय वायु सेना के एवरो-748 ( Avro-748) विमानों के पुराने बेड़े की जगह लेगा।
    - एवरो-748 विमान एक ब्रिटिश मूल के ट्विन-इंजन टर्बोप्रॉप (British-origin twin-engine turboprop), सैन्य परिवहन और 6 टन माल ढुलाई क्षमता वाले मालवाहक विमान हैं।अत: कथन 1 सही है।
- एयरबस डिफेंस एंड स्पेस (Airbus Defence and Space) और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (Tata Advanced Systems Limited-TASL) एयरोस्पेस क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया पहल के तहत वायु सेना को नए परिवहन विमान से लैस करने की परियोजना को संयुक्त रूप से क्रियान्वित करेंगे।
    - एयरबस पहले 16 विमानों को उड़ान भरने की स्थिति में आपूर्ति करेगी, जबकि शेष 40 को TASL द्वारा भारत में असेंबल किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

39.

उत्तर : D

व्याख्या :

- पंज प्यारे, पाँच बपतिस्मा प्राप्त सिखों को संबोधित करने के लिये उपयोग किया जाने वाला शब्द है, अर्थात् वे पुरुष जिन्हें दस गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के नेतृत्व में खालसा (सिख योद्धाओं का विशेष समूह) में दीक्षित किया गया था।
    - वे दृढ़ता और भक्ति के प्रतीक के रूप में सिखों द्वारा सद्भावपूर्वक सम्मानित हैं।
- गुरु गोबिंद सिंह ने वर्ष 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ के साथ-साथ पंज प्यारे नामक संस्था की स्थापना की थी।
    - गुरु गोबिंद सिंह ने पाँच लोगों को संस्कृति को संरक्षित करने हेतु अपने जीवन को आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया। इस संदर्भ में बड़ी संख्या लोगों ने असमति प्रकट की लेकिन अंततः पाँच स्वयंसेवक इसके लिये आगे आए।

- गुरु गोबिंद सिंह ने स्वयं सिखों को यह अवगत कराने के लिये उसी चरण में उनसे बपतिस्मा लिया था कि पंज प्यारों के पास समुदाय में किसी की तुलना में उच्च अधिकार और निर्णय लेने की शक्ति है।

- सिख इतिहास को आकार देने और सिख धर्म को परिभाषित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वास्तविक पंज प्यारे हैं:
  - भाई दया सिंह, लाहौर (1661-1708 ई.)
  - भाई धरम सिंह, हस्तिनापुर (1699-1708 ई.)
  - भाई हिम्मत सिंह, जगन्नाथपुरी (1661-1705 ई.)
  - भाई मोहकम सिंह, द्वारका (1663-1705 ई.)
  - भाई साहिब सिंह, बीदर (1662-1705 ई.) अत: विकल्प D सही है।

40.

उत्तर: D

व्याख्या

- गुरु गोबिंद सिंह ने सैनिक-संतों यानी 'खालसा' पंथ (जिसका अर्थ है 'शुद्ध') की स्थापना की थी। अत: कथन 1 सही है।
- खालसा पंथ से जुड़े संतों में प्रतिबद्धता, समर्पण और सामाजिक चेतना के उच्चतम गुण मौजूद होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- खालसा का आशय उन 'पुरुष' और 'महिलाओं' से है, जो सिख दीक्षा समारोह के माध्यम से पंथ में शामिल हुए हैं और जो सिख आचार संहिता एवं संबंधित नियमों का सख्ती से पालन करते हैं तथा गुरुओं द्वारा निर्धारित दिनचर्या (5K: केश (बिना कटे बाल), कंघा (एक लकड़ी की कंघी), कारा (एक लोहे का कंगन), कचेरा (सूती जांघिया) और कृपाण (एक लोहे का खंजर)) का पालन करते हैं। अत: कथन 3 सही है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सूर्य एक अत्यंत सक्रिय निकाय है, जहाँ कई हिंसक और विनाशकारी घटनाओं के ज़रिये भारी मात्रा में गैस और प्लाज़्मा बाहर निकालता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसी प्रकार के विस्फोटों का एक वर्ग 'कोरोनल मास इजेक्शन' (CMEs) कहा जाता है।
  - 'कोरोनल मास इजेक्शन' सौरमंडल में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोट हैं।
- जब एक मज़बूत 'कोरोनल मास इजेक्शन' पृथ्वी के करीब होता है, तो यह पृथ्वी के आसपास मौजूद उपग्रहों में इलेक्ट्रॉनिक्स को नुकसान पहुँचा सकता है और पृथ्वी पर रेडियो संचार नेटवर्क को बाधित कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - वहाँ कण वातावरण में गैसों के साथ परस्पर क्रिया करते हैं जिसके परिणामस्वरूप आकाश में प्रकाश का सुंदर प्रदर्शन होता है।
  - पृथ्वी के उत्तरी वातावरण में औरोरा को उरोरा बोरेलिस या उत्तरी रोशनी कहा जाता है। इसके दक्षिणी समकक्ष को औरोरा ऑस्ट्रेलिया या दक्षिणी रोशनी कहा जाता है।

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (RoDTEP) भारत में निर्यात बढ़ाने में मदद करने हेतु जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) में इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के लिये पूरी तरह से स्वचालित मार्ग है। अत: कथन 1 सही है।
  - ITC कच्चे माल, उपभोग्य सामग्रियों, वस्तुओं या सेवाओं की खरीद पर दिये जाने वाले कर पर प्रदान किया जाता है जिसका उपयोग वस्तुओं या सेवाओं के निर्माण में किया जाता था। यह दोहरे कराधान और करों के व्यापक प्रभाव से बचने में मदद करता है।

- इसे जनवरी 2021 में MEIS जो विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं था, के स्थान पर शुरू किया गया था। RoDTEP योजना सुनिश्चित करती है कि भारत विश्व व्यापार संगठन (WTO) के अनुरूप बना रहे। अत: कथन 2 सही है।
    - विभिन्न क्षेत्रों के लिये टैक्स रिफंड दरें 0.5% से 4.3% तक होती हैं।
    - छूट का दावा माल ढुलाई के प्रतिशत के रूप में निर्यात की बोर्ड वेल्यू पर करना होगा।

43.

उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (NIRF) द्वारा स्थापित 'इंडिया रैंकिंग्स, 2021' जारी की है।
- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (NIRF) को सितंबर 2015 में शिक्षा मंत्रालय (तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा अनुमोदित किया गया था।
    - यह देश में उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) को रैंक प्रदान करने के लिये भारत सरकार का पहला प्रयास है।
    - वर्ष 2018 में देश भर के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के लिये 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया गया था।
- 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' और 'टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' द्वारा विकसित रैंकिंग पद्धति में व्यक्तिपरकता ने भारत को शंघाई रैंकिंग की तर्ज पर भारतीय संस्थानों के लिये अपनी रैंकिंग प्रणाली शुरू करने हेतु प्रेरित किया है।
    - 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' अपने छठे वर्ष में है, किंतु अभी भी यह केवल भारतीय संस्थानों को ही रैंक प्रदान करता है, जबकि शंघाई रैंकिंग अपने पहले वर्ष से ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्रदान कर रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - हालाँकि 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' की दीर्घकालिक योजना इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाना है।
- IISc, बंगलूरू को भारत रैंकिंग 2021 में पहली बार शामिल की गई श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान का दर्जा दिया गया। अत: कथन 2 सही है।

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

सूर्य की संरचना

- सूर्य का कोर- ऊर्जा थर्मोन्यूक्लियर प्रतिक्रियाओं के माध्यम से उत्पन्न होती है जो सूर्य के कोर के भीतर अत्यधिक तापमान का निर्माण करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- विकिरण क्षेत्र (Radiative Zone) - ऊर्जा धीरे-धीरे बाहर की ओर जाती है, सूर्य की इस परत के माध्यम से विकिरण करने में 1,70,000 से अधिक वर्ष लगते हैं।
- संवहन क्षेत्र (Convection Zone)- गर्म और ठंडी गैस की संवहन धाराओं के माध्यम से ऊर्जा सतह की ओर बढ़ती रहती है।
- क्रोमोस्फीयर (Chromosphere)- सूर्य की यह अपेक्षाकृत पतली परत चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं द्वारा निर्मित है जो विद्युत आवेशित सौर प्लाज़्मा को नियंत्रित करती है।
    - फोटोस्फीयर सौर वायुमंडल की सबसे निचली परत है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सौर कलंक या सनस्पॉट ऐसे क्षेत्र होते हैं जो सूर्य की सतह पर काले दिखाई देते हैं। ये सूर्य की सतह के अन्य भागों की तुलना में ठंडे होते हैं, इसलिये काले दिखाई देते हैं। अत: कथन 3 सही है।

45.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने अक्तूबर-दिसंबर 2020 के लिये आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) का त्रैमासिक बुलेटिन जारी किया।
    - यह डेटासेट आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की वार्षिक रिपोर्ट से अलग है, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को शामिल किया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिये बेरोज़गारी के आँकड़े त्रैमासिक आधार पर जारी किये जाते हैं। अत: कथन 3 सही है।
        - अधिक नियत समय अंतराल पर श्रम बल डेटा की उपलब्धता के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने अप्रैल 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।
- श्रम बल भागीदारी दर (LFPR): LFPR को कुल आबादी में श्रम बल के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों (अर्थात् कार्यरत या काम की तलाश में या काम के लिये उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।
    - कामगार-जनसंख्या अनुपात (WPR): WPR को कुल आबादी में रोज़गार प्राप्त व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में पहला स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया उच्च राख कोयला गैसीकरण आधारित मेथनॉल उत्पादन संयंत्र हैदराबाद में स्थापित किया गया है।
    - इसके साथ ही सरकारी स्वामित्व वाली इंजीनियरिंग फर्म भेल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) ने उच्च राख वाले भारतीय कोयले से मेथनॉल बनाने की दक्षता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है।
- मेथनॉल एक कम कार्बन, हाइड्रोजन वाहक ईंधन है जो उच्च राख वाले कोयले, कृषि अवशेषों, थर्मल पावर प्लांटों से $CO_2$ और प्राकृतिक गैस, नगर पालिका अपशिष्ट आदि से उत्पन्न होता है। COP 21 (पेरिस समझौता) के लिये भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिये यह सबसे अच्छा मार्ग है।
- पेट्रोल और डीज़ल की तुलना में मेथनॉल: हालाँकि पेट्रोल और डीज़ल की तुलना में सीमित ऊर्जा परिक्षमता के साथ मेथनॉल, इन दोनों ईंधनों को परिवहन क्षेत्र (सड़क, रेल और समुद्री), ऊर्जा क्षेत्र (बॉयलर, प्रोसेस हीटिंग मॉड्यूल सहित ट्रैक्टर और वाणिज्यिक वाहन) तथा खुदरा खाना पकाने (एलपीजी [आंशिक रूप से], मिट्टी तेल और लकड़ी के चारकोल की जगह) जैसे क्षेत्रों में रूपांतरित कर सकता है। अत: विकल्प D सही है।

47.

उत्तर : D

व्याख्या :

चंद्रयान-2 ऑर्बिटर द्वारा की गई खोजें :

- आर्गन-40 की खोज : मास स्पेक्ट्रोमीटर चंद्र एटमॉस्फेरिक कंपोज़िशनल एक्सप्लोरर 2 (CHACE 2) ने ध्रुवीय कक्षीय प्लेटफॉर्म से चंद्र तटस्थ एक्सोस्फीयर की संरचना का पहला इन-सीटू अध्ययन किया।
    - इसने चंद्रमा के मध्य और उच्च अक्षांशों पर आर्गन- 40 की परिवर्तनशीलता का पता लगाया तथा उसका अध्ययन किया, जो चंद्र के इंटीरियर के मध्य और उच्च अक्षांशों में रेडियोजेनिक गतिविधियों को दर्शाता है। अत: कथन 1 सही है।
- क्रोमियम व मैंगनीज़ की खोज: चंद्रयान -2 लार्ज एरिया सॉफ्ट एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (क्लास) पेलोड ने रिमोट सेंसिंग के माध्यम से क्रोमियम और मैंगनीज़ के मामूली तत्त्वों का पता लगाया है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- सूर्य के माइक्रोफ्लेयर्स का अवलोकन: क्वाइट-सन पीरियड (Quiet-Sun Period) के दौरान सूर्य के माइक्रोफ्लेयर का अवलोकन, जो कि सूर्य की कोरोनल हीटिंग से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदान करता है, सोलर एक्स-रे मॉनिटर (XSM) पेलोड द्वारा संपन्न किया गया।
- हाइड्रेशन सुविधाओं की खोज: चंद्रयान -2 ने अपने इमेजिंग इंफ्रा-रेड स्पेक्ट्रोमीटर (IIRS) पेलोड (जिसने चंद्र की सतह पर हाइड्रॉक्सिल (Hydroxyl) और पानी-बर्फ (Water-Ice) के स्पष्ट उपस्थिति का पता लगाया) के साथ चंद्रमा की जलयोजन विशेषताओं का पहली बार स्पष्ट पता लगाया।
- उपसतह पर जल-बर्फ की खोज: दोहरी आवृत्ति सिंथेटिक एपर्चर रडार (DFSAR) उपकरण ने उपसतह जल-बर्फ की उपस्थिति का पता लगाया और ध्रुवीय क्षेत्रों में चंद्र रूपात्मक विशेषताओं की उच्च रिज़ॉल्यूशन मैपिंग की। अत: कथन 3 सही है।
- चंद्रमा की इमेजिंग: अपने ऑर्बिटर हाई रेज़ोल्यूशन कैमरा (OHRC) के द्वारा "बेस्ट-एवर" रेज़ोल्यूशन के साथ 100 किमी चंद्र कक्षा से चंद्रमा की इमेजिंग भी प्राप्त की।
- भूवैज्ञानिक निष्कर्ष: चंद्रयान-2 के टेरेन मैपिंग कैमरा (TMC 2), जो वैश्विक स्तर पर चंद्रमा की इमेजिंग कर रहा है, ने चंद्र क्रस्टल शॉर्टिंग और ज्वालामुखीय गुंबदों की पहचान के दिलचस्प भूगर्भिक साक्ष्य प्राप्त किये हैं।
- चंद्रमा के आयनमंडल का अध्ययन: चंद्रयान-2 पर दोहरे आवृत्ति रेडियो विज्ञान (DFRS) प्रयोग ने चंद्रमा के आयनमंडल का अध्ययन किया है, जो चंद्र बाह्यमंडल की तटस्थ प्रजातियों के सौर फोटो-आयनीकरण द्वारा उत्पन्न होता है।

48.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'अटल इनोवेशन मिशन' देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की प्रमुख पहल है।
- 'अटल इनोवेशन मिशन' संबंधी प्रमुख पहलें:
  - अटल टिंकरिंग लैब्स: भारतीय स्कूलों में समस्या समाधान मानसिकता विकसित करना।
  - अटल इनक्यूबेशन सेंटर: विश्व स्तर पर स्टार्टअप को बढ़ावा देना और इनक्यूबेटर मॉडल में एक नया आयाम जोड़ना।
  - अटल न्यू इंडिया चैलेंज: उत्पाद नवाचारों को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों/मंत्रालयों की ज़रूरतों के अनुरूप बनाना।
  - मेंटर इंडिया कैंपेन: मिशन की सभी पहलों का समर्थन करने हेतु यह सार्वजनिक क्षेत्र, कॉरपोरेट्स और संस्थानों के सहयोग से एक राष्ट्रीय मेंटर नेटवर्क है।
  - अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर: टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देश के असेवित क्षेत्रों में समुदाय केंद्रित नवाचार एवं विचारों को प्रोत्साहित करना।
  - लघु उद्यमों हेतु अटल अनुसंधान और नवाचार (ARISE): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना। अत: कथन 1 और कथन 2 सही है।

49.

उत्तर: A

व्याख्या:

- थार मरुस्थल को ग्रेट इंडियन डेज़र्ट के नाम से भी जाना जाता है।
  - यह उत्तर-पश्चिमी भारत के राजस्थान राज्य में तथा पाकिस्तान के पूर्वी क्षेत्र में स्थित पंजाब और सिंध प्रांत तक विस्तृत है।
  - यह पश्चिम में सिंचित सिंधु नदी के मैदान, उत्तर और उत्तर-पूर्व में पंजाब के मैदान, दक्षिण-पूर्व में अरावली श्रृंखला और दक्षिण में कच्छ के रण से घिरा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- थार मरुस्थल की सतह पर वातोढ़ (पवन द्वारा एकत्रित) रेत पाई जाती है जो पिछले 1.8 मिलियन वर्षों में जमा हुई है।
  - मरुस्थल में तरंगित सतह होती है, जिसमें रेतीले मैदानों और बंजर पहाड़ियों या बालू के मैदानों द्वारा अलग किये गए उच्च और निम्न रेत के टीले (जिन्हें टिब्बा कहते हैं) होते हैं, जो आसपास के मैदानों में अचानक वृद्धि करते हैं।

- टिब्बा गतिशील होते हैं और अलग-अलग आकार एवं आकृति ग्रहण करते हैं।
    - 'बरचन' जिसे 'बरखान' भी कहते हैं, मुख्य रूप से एक दिशा से आने वाली हवा द्वारा निर्मित अर्द्धचंद्राकार आकार के रेत के टीले हैं। सबसे आम प्रकार के बालुका स्तूपों में से एक यह आकृति दुनिया भर के रेगिस्तानों में उपस्थित होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- तमिलनाडु के थूथुकुडी ज़िले के शिवकलाई में पुरातात्विक खुदाई से प्राप्त कार्बनिक पदार्थों पर की गई कार्बन डेटिंग से पता चला है कि थमिराबरानी सभ्यता कम-से-कम 3,200 साल पुरानी है।
- थामिराबरानी या ताम्रपर्णी या पोरुनई एक बारहमासी नदी है जो अंबासमुद्रम तालुके में पापनासम के पास पश्चिमी घाट की पोथिगई पहाड़ियों के अगस्त्यरकुडम शिखर से निकलती है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह तिरुनेलवेली और थूथुकुडी ज़िलों से होकर बहती है और कोरकाई (तिरुनेलवेली जिले) में मन्नार की खाड़ी (बंगाल की खाड़ी) में गिरती है। अत: कथन 2 सही है।
    - थामिराबरानी नदी तमिलनाडु की सबसे छोटी नदी है।

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में, जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण- II के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 या ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 शुरू किया।
    - इससे पहले मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018 और 2019 में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण किया गया था।
    - स्वच्छ सर्वेक्षण शहरी 2021 की घोषणा की जानी है। इसे 2016 में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा पेश किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 गाँवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस का दर्जा देने की केंद्र की पहल के एक हिस्से के रूप में ग्रामीण भारत में स्वच्छता, सफाई और स्वच्छता की स्थिति का आकलन करता है। अत: कथन 2 सही है।
    - ओडीएफ-प्लस स्थिति का उद्देश्य ठोस और तरल कचरे का प्रबंधन सुनिश्चित करना है और ओडीएफ स्थिति का उन्नयन है जिसमें पर्याप्त शौचालयों के निर्माण की आवश्यकता थी ताकि लोगों को खुले में शौच न करना पड़े।

52.

उत्तर: C

व्याख्या :

- उन्नत स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी' (Partnership to Advance Clean Energy - PACE) ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित कई मुद्दों पर संयुक्त रूप से काम करने के लिये अमेरिका और भारत के बीच स्वच्छ ऊर्जा पर प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें तीन प्रमुख घटक शामिल हैं: अनुसंधान (PACE-R), परिनियोजन (PACE-D), और ऑफ-ग्रिड एनर्जी एक्सेस (PEACE)। अत: विकल्प C सही है।

53.

उत्तर: C

व्याख्या

- CRISPR-CAS9 तकनीक आनुवंशिक सूचना धारण करने वाले DNA के सिरा (Strands) या कुंडलित धागे को हटाने और चिपकाने (Cut and Paste) की क्रियाविधि की भाँति कार्य करती है। एक डीएनए स्ट्रैंड, जब टूट जाता है, तो उसकी खुद को ठीक करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिक इस स्व-मरम्मत प्रक्रिया के दौरान हस्तक्षेप करते हैं तथा उस आनुवंशिक कोड के वांछित अनुक्रम की आपूर्ति करते हैं जो खुद को टूटे हुए डीएनए स्ट्रैंड से बांधते हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- फ्राँस के इमैनुएल चारपेंटियर और यूएसए की जेनिफर ए डोडना को CRISPR/Cas9 आनुवंशिक कैंची विकसित करने के लिये रसायन विज्ञान में वर्ष 2020 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अत: कथन 2 सही है।

54.

उत्तर: D

व्याख्या

- स्वामी विवेकानंद के विषय में
  - स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को नरेंद्रनाथ दत्त के रूप में हुआ था।
    - प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
    - वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने 'विवेकानंद' की उपाधि धारण की।
  - उन्होंने दुनिया को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
    - उन्होंने 'नव-वेदांत' (पश्चिमी दृष्टिकोण के माध्यम से हिंदू धर्म की व्याख्या) का प्रचार किया और भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिकता के संयोजन में विश्वास किया। अत: कथन 2 सही है।
  - नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने विवेकानंद को "आधुनिक भारत का निर्माता" कहा था। अत: कथन 1 सही है।

55.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्षा पैटर्न को बदलने वाले कारक:
  - नमी/आर्द्रता और सूखा दोनों एक साथ:
    - वार्मिंग (Warming) का एक पहलू जो वर्षा को प्रभावित करता है, वह है भूमि का सूखना, जिससे शुष्क अवधि और सूखे की आवृत्ति एवं तीव्रता बढ़ जाती है।
    - आर्द्रता की मात्रा में वृद्धि और सूखे की स्थिति का एक साथ होना वर्षा के पैटर्न को अप्रत्याशित तरीके से बदल देता है।
  - यूरेशियाई क्षेत्र में हिमपात में वृद्धि:
    - यूरेशियाई क्षेत्र में बढ़ी हुई बर्फबारी भी पूर्वोत्तर भारत में मानसूनी वर्षा को प्रभावित करती है क्योंकि यूरेशिया में अत्यधिक हिमपात के कारण इस क्षेत्र का वातावरण ठंडा हो जाता है, जो उत्तर-पूर्व भारत के वर्षा पैटर्न में परिवर्तन को और अधिक प्रभावित करता है जो अंतत: इस क्षेत्र में कमज़ोर ग्रीष्मकालीन मानसून का कारण बनता है।
  - प्रशांत दशकीय दोलन (PDO) में परिवर्तन:
    - उपोष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर पर समुद्र की सतह का तापमान, जो एक चक्र में भिन्न होता है और जिसका प्रत्येक चरण एक दशक तक रहता है। इसका पीक हर 20 वर्ष में आता है जिसे प्रशांत दशकीय दोलन (POD) के रूप में जाना जाता है।
    - इसका प्रभाव पूर्वोत्तर में मानसूनी वर्षा पर पड़ सकता है।
  - सौर कलंक अवधि:
    - मानसून के दौरान उत्तर-पूर्व में वर्षा पैटर्न एक सौर कलंक अवधि से दूसरे सौर कलंक अवधि में काफी भिन्न होता है, जो देश में कम दबाव के मौसमी गर्त की अंतर गहनता को प्रदर्शित करता है। अत: विकल्प D सही है।

56.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कोयला (हाइड्रोकार्बन ईंधन में से एक) इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा के अलावा हाइड्रोजन बनाने के महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक है।
  - कोयले से उत्पादित हाइड्रोजन की लागत सस्ती और आयात के प्रति कम संवेदनशील हो सकती है।

नोट :

- हालाँकि कोयले के माध्यम से हाइड्रोजन निकालने के दौरान कार्बन उत्सर्जन के डर के कारण हाइड्रोजन उत्पादन में कोयले को प्रोत्साहित नहीं किया गया है।
  - भारत में लगभग 100% हाइड्रोजन उत्पादन प्राकृतिक गैस (ग्रे हाइड्रोजन) के माध्यम से होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - ग्रे हाइड्रोजन प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके उत्पादित हाइड्रोजन है। इसलिए, कथन 2 सही है। अत: कथन 2 सही है।

57.

उत्तर : A

व्याख्या :

- पीलीभीत टाइगर रिज़र्व उत्तर प्रदेश के तीन ज़िलों यथा- पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और बहराइच में अवस्थित है।
  - इसे वर्ष 2014 में टाइगर रिज़र्व के रूप में नामित किया गया था और यह भारत की 45वीं टाइगर रिज़र्व परियोजना थी।
- यह ऊपरी गंगा के मैदान में 'तराई आर्क लैंडस्केप' के हिस्से का निर्माण करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - रिज़र्व का उत्तरी छोर भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित है, जबकि दक्षिणी सीमा शारदा और खकरा नदी तक विस्तृत है।
- कॉरिडोर लिंकेज :
  - राज्य के भीतर और बाहर कई बाघ आवासों के साथ संबंध होने के कारण पीलीभीत बाघों के लिये एक महत्त्वपूर्ण निवास स्थान है। इसका उपयोग बाघ और अन्य जंगली जानवरों के आवास के रूप में किया जता है।
  - महत्त्वपूर्ण लिंकेज हैं:
    - सुरही रेंज - कॉर्बेट
    - लग्गा-बग्गा - शुक्लफांटा राष्ट्रीय उद्यान (नेपाल)
    - किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य - दुधवा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

58.

उत्तर: B

व्याख्या :

- पर्माफ्रॉस्ट अथवा स्थायी तुषार भूमि वह क्षेत्र है जो कम-से-कम लगातार दो वर्षों से शून्य डिग्री सेल्सियस (32 डिग्री F) से कम तापमान पर जमी हुई अवस्था में है।
  - ये स्थायी रूप से जमे हुए भूमि-क्षेत्र मुख्यत: उच्च पर्वतीय क्षेत्रों और पृथ्वी के उच्च अक्षांशों (उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों के निकट) में पाए जाते हैं।
  - पर्माफ्रॉस्ट विश्व का लगभग 15% भूमि क्षेत्र को कवर करता है।
  - यद्यपि ये भूमि-क्षेत्र जमे हुए होते हैं लेकिन आवश्यक रूप से हमेशा ये बर्फ से ढके नहीं होते। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पर्माफ्रॉस्ट के बड़े हिस्सों वाले भू-दृश्यों (Landscapes) को अक्सर टुंड्रा कहा जाता है। टुंड्रा शब्द एक फिनिश (Finnish) शब्द है जो एक वृक्ष रहित मैदानी (Treeless Plain) क्षेत्र को संबोधित करता है। उच्च अक्षांशों और ऊँचाई पर स्थित क्षेत्र को टुंड्रा कहा जाता है, जहाँ पर्माफ्रॉस्ट की एक बहुत पतली सक्रिय परत होती है।
- IPCC की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ने से आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट में कमी आएगी और उसके पिघलने से मीथेन एवं कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होने की संभावना है।
  - पर्माफ्रॉस्ट के कारण कार्बनिक पदार्थ जमकर ज़मीन में दब जाते हैं। यदि पर्माफ्रॉस्ट पिघलना शुरू हो जाती है, तो यह सामग्री विखंडित होकर सूक्ष्मजीवों के लिये उपलब्ध हो जाएगी।
  - कुछ सूक्ष्मजीव वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करते हैं और अन्य जीव मीथेन का, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में ग्रीनहाउस गैस के रूप में लगभग 25 से 30 गुना अधिक शक्तिशाली है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कोयला इलेक्ट्रोलिसिस विधि के माध्यम से प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा के अलावा हाइड्रोजन बनाने के महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक है।
  - नवीकरणीय, परमाणु संसाधनों से कार्बन मुक्त हाइड्रोजन उत्पादन के लिये इलेक्ट्रोलिसिस एक आशाजनक विकल्प है। अत: कथन 1 सही है।
    - इलेक्ट्रोलिसिस जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करने के लिये बिजली का उपयोग करने की प्रक्रिया है। यह प्रतिक्रिया इलेक्ट्रोलाइज़र नामक इकाई में होती है।
    - इलेक्ट्रोलाइज़र आकार में छोटे आकार के उपकरण से लेकर बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन उत्पादन के लिये अच्छी तरह से अनुकूल हो सकते हैं, विशेष तौर से केंद्रीय उत्पादन सुविधाओं के लिये जो सीधे अक्षय या अन्य गैर-ग्रीनहाउस-गैस-उत्सर्जक रूपों से जुड़ी हो सकती हैं।
- कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया जीवाश्म ईंधन को जलाने के बजाय रासायनिक रूप से जीवाश्म ईंधन को सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (SNG) में बदल देती है।
  - यह सिनगैस उत्पन्न करता है जो मुख्य रूप से मीथेन ($CH_4$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), हाइड्रोजन ($H_2$), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) और जल वाष्प ($H_2O$) से मिलकर बना मिश्रण है। अत: कथन 2 सही है।
  - सिनगैस का उपयोग उर्वरक, ईंधन, विलायक और सिंथेटिक सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला के उत्पादन के लिये किया जा सकता है।

60.

उत्तर: D

व्याख्या

- क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइज़ेशन डायलॉग' अप्रैल 2021 में 'लीडर्स समिट ऑन क्लाइमेट' में लॉन्च किये गए 'भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा-2030' साझेदारी का हिस्सा है।
  - इससे पूर्व 'यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप' (SCEP) को लॉन्च किया गया था।
- यह दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को नवीनीकृत करने के साथ ही इससे संबंधित वित्तीय पहलुओं को संबोधित करने और पेरिस समझौते के तहत परिकल्पित अनुदान एवं रियायती वित्त के रूप में जलवायु वित्त प्रदान करने का अवसर देगा।
- साथ ही यह प्रदर्शित करने में भी मदद करेगा कि किस प्रकार दुनिया राष्ट्रीय परिस्थितियों और सतत् विकास प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए समावेशी एवं लचीले आर्थिक विकास के साथ तेज़ी से जलवायु कार्रवाई को संरेखित कर सकती है। अत: विकल्प D सही है।

61.

उत्तर: D

व्याख्या:

- लिथियम एक नरम तथा चाँदी के समान सफेद धातु है जिसका प्रतीक (Li) है।
- मानक परिस्थितियों में यह सबसे हल्की धातु और सबसे हल्का ठोस तत्त्व है।
- यह अत्यधिक प्रतिक्रियाशील और ज्वलनशील है, अत: इसे खनिज तेल के रूप में संग्रहीत किया जाना चाहिये।
- यह क्षारीय एवं एक दुर्लभ धातु है।
  - दुर्लभ धातुओं (Rare Metals- RM) में नायोबियम (Nb), टैंटेलम (Ta), लिथियम (Li), बेरिलियम (Be), सीज़ियम (Cs) आदि तत्त्व शामिल हैं।

नोट :

- दुर्लभ मृदा तत्त्वों (Rare Earths- RE) में स्कैंडियम (Sc) तथा इट्रियम (Y) के अलावा लैंटेनियम (La) से लुटीशियम (Lu) शामिल हैं। अत: विकल्प D सही है।

62.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह विश्व संसाधन संस्थान (WRI) भारत द्वारा आयोजित और मेज़बानी किये जाने वाले कार्यक्रमों की एक वैश्विक शृंखला का हिस्सा है, ताकि भारतीय और वैश्विक नेताओं एवं अन्य हितधारकों को एक साथ लाया जा सके, जो समावेशी, टिकाऊ और जलवायु समर्थित भारतीय शहरों को डिज़ाइन करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।
  - WRI India एक स्वतंत्र चैरिटी संस्थान है, जो कानूनी रूप से 'इंडिया रिसोर्सेज़ ट्रस्ट' के रूप में पंजीकृत है।
- 'कनेक्ट करो' विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित प्रस्तुतकर्त्ताओं का अवलोकन करता है, जैसे-वायु प्रदूषण, विद्युत गतिशीलता, शहरी नियोजन, शहरी जल लचीलापन, जलवायु शमन और सार्वजनिक पारगमन एवं दूसरों के बीच अपनी अंतर्दृष्टि तथा शोध निष्कर्षों को साझा करना। अत: विकल्प A सही है।

63.

उत्तर : D

व्याख्या :

- संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) औपचारिक रूप से 2010 के कैनकन अनुकूलन ढाँचे (Cancun Adaptation Framework) में जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में गतिशीलता को शामिल किया गया है, जिसमें देशों को जलवायु-प्रेरित विस्थापन, प्रवास और नियोजित स्थानांतरण के संबंध में उनकी सामान्य लेकिन अलग-अलग ज़िम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए "समझ, समन्वय एवं सहयोग बढ़ाने के उपायों" के लिये आह्वान किया गया है।
- सेंदाई फ्रेमवर्क आपदा जोखिमों की रोकथाम, जोखिम कम करने हेतु कार्रवाई के लिये लक्ष्यों और प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें शासन के माध्यम से आपदा-रोधी तैयारी को बढ़ावा देना तथा पुन: प्राप्ति, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण शामिल है।
- यह तीन क्षेत्रों पर आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन में प्रवासियों को शामिल करने की आवश्यकता को स्पष्ट करता है।
- पेरिस समझौते की प्रस्तावना में कहा गया है कि "जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिये कार्रवाई करते समय पार्टियों को प्रवासियों पर अपने संबंधित दायित्वों का सम्मान, प्रचार और विचार करना चाहिये।
- विस्थापन पर UNFCCC टास्क फोर्स, वारसॉ फ्रेमवर्क/मैकेनिज़्म के तहत स्थापित किया गया।
  - वारसॉ इंटरनेशनल मैकेनिज़्म फॉर लॉस एंड डैमेज, गतिशीलता पर प्रभाव सहित अचानक और धीमी गति से शुरू होने वाले जलवायु परिवर्तन प्रभावों से नुकसान और क्षति को रोकने और समाधान करने पर केंद्रित है।
- COP24 निर्णय (विस्थापन पर UNFCCC टास्क फोर्स की एक रिपोर्ट द्वारा सूचित) प्रवासियों एवं विस्थापित व्यक्तियों, मूल समुदायों, पारगमन एवं गंतव्य की आवश्यकताओं पर विचार करने और श्रम गतिशीलता के माध्यम से नियमित प्रवास मार्गों के अवसरों में वृद्धि करके जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में व्यवस्थित, सुरक्षित, नियमित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण प्रवासन तथा आवागमन की सुविधा के लिये UNFCCC पक्षकारों को आमंत्रित करता है।
- सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवास के लिये संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता (2018) विश्लेषण को मज़बूत करने और बेहतर मानचित्रण, समझ एवं अनुमानों के ज़रिये प्रवासी गतिविधियों का समाधान करने हेतु जानकारी साझा करने की आवश्यकता पर ज़ोर देता है, जैसे कि अचानक आने वाली और धीमी गति से शुरू होने वाली प्राकृतिक आपदाएँ जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के परिणामस्वरूप भी घटित हो सकती हैं। प्रवासन पर संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए अनुकूलन और लचीली रणनीतियों का विकास करना।
- शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता पर्यावरणीय गतिशीलता के संचालकों को संबोधित करने हेतु विशिष्ट प्रतिबद्धताएँ प्रदान करता है तथा इन गतिविधियों से प्रभावित लोगों के लिये अधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीति निर्माण करता है। अत: विकल्प D सही है।

नोट :

64.

उत्तर: B

व्याख्या

- देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था।
    - पहला हिंदी दिवस वर्ष 1953 में मनाया गया था।
- हिंदी के अलावा अंग्रेज़ी दूसरी आधिकारिक भाषा है (संविधान का अनुच्छेद 343)। अत: कथन 1 सही है।
- हिंदी आठवीं अनुसूची की भाषा भी है।
    - संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं: असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी। अत: कथन 2 सही है।
- अनुच्छेद 351 'हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश' से संबंधित है।
- वर्तमान में छ: भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया गया:
    - तमिल (2004), संस्कृत (2005), कन्नड़ (2008), तेलुगू (2008), मलयालम (2013), ओडिया (2014)
    - हिंदी शास्त्रीय भाषा नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

65.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्वाड समूह भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान चार देशों का गठबंधन है जिसे वर्ष 2007 में स्थापित किया गया था।
    - क्वाड सदस्य देशों ने तथाकथित क्वाड प्लस के माध्यम से साझेदारी का विस्तार करने की इच्छा का भी संकेत दिया है जिसमें दक्षिण कोरिया, न्यूज़ीलैंड और वियतनाम शामिल होंगे।
    - हालाँकि अभी तक क्वाड सदस्य केवल इन चार देशों (भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान) तक ही सीमित हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मार्च 2021 में क्वाड समूह के नेताओं ने पहली बार आभासी शिखर-स्तरीय बैठक में डिजिटल रूप से मुलाकात की और बाद में 'द स्पिरिट ऑफ द क्वाड' शीर्षक से एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें समूह के दृष्टिकोण और उद्देश्यों को रेखांकित किया गया था।
    - 'स्पिरिट ऑफ द क्वाड' के अनुसार, समूह के प्राथमिक उद्देश्यों में समुद्री सुरक्षा, कोविड-19 संकट का मुकाबला करना, विशेष रूप से वैक्सीन कूटनीति, जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को संबोधित करना, क्षेत्र में निवेश के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना है। अत: कथन 2 सही है।
- सहयोग की संभावना के बावजूद क्वाड परिभाषित रणनीतिक मिशन के बिना एक तंत्र बना हुआ है।
    - क्वाड एक विशिष्ट बहुपक्षीय संगठन की तरह संरचित नहीं है और इसमें एक सचिवालय और किसी भी स्थायी निर्णय लेने वाली संस्था का अभाव है।
    - इसके अतिरिक्त नाटो के विपरीत क्वाड में सामूहिक रक्षा के प्रावधान शामिल नहीं हैं, इसके बजाय एकता और कूटनीतिक सामंजस्य के प्रदर्शन के रूप में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने का विकल्प चुना गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :